



# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 35 अंक 352 | कोरबा, शनिवार, दिनांक 21 सितम्बर 2024 डाक 22 सितम्बर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के वर्धा में विभिन्न परियोजनाओं के शिलान्यास के अवसर पर संबोधित किया



**देश-विदेश**
गंगा का रौद्र रूप बरकरार, हरदोई में रामगंगा-गंभीरी से कटियारी के 40 गांवों का संपर्क कटा



**फीचर पेज**
प्रेग्नेंसी में महिलाएं ऐसे सोने की भूलकर भी न करें गलती, बढ़ सकती हैं मुश्किलें!



# दिल्ली को आज मिलेगा 8वां सीएम, मंत्रियों के विभागों में एक बार फिर फेरबदल संभव

**नईदिल्ली, 21 सितम्बर [एजेंसी]।**

अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे के बाद आतिशी आज शाम को आठवीं मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगी। राजनिवास में शपथ ग्रहण समारोह होगा। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। जानकारी के मुताबिक शाम 4.30- 5.00 बजे के बीच आतिशी मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगी। शपथ ग्रहण की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शपथ ग्रहण में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समेत आप के वरिष्ठ नेता, विधायक व सांसद भी शामिल हो सकते हैं। शीला दीक्षित, सुषमा स्वराज के बाद वह तीसरी महिला होंगी, जो मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठेंगी साढ़े चार बजे एलजी वी के सक्सेना उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। डेढ़ साल में वह दूसरी बार शपथ लेने जा रही हैं। इससे पहले मार्च 23 में उन्होंने मनीष सिसोदिया के आबकारी घोटाले में जेल चले जाने पर मंत्री पद की शपथ ली थी। वह कालकाजी से विधायक हैं और पहली बार विधायक का चुनाव लड़ी हैं और जीती हैं। मगर अपनी समझ और बफादारी से उन्होंने अपने वरिष्ठों को पीछे छोड़ दिया और इस पद तक पहुंची हैं।



पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने उन पर भरोसा किया है। दरअसल गत मार्च में केजरीवाल के जेल चले जाने पर आतिशी पार्टी के लिए पंक्ति में सबसे आगे खड़ी रहीं। उन्होंने पार्टी को हर संकट के समय प्रेसवार्ता कर बचाव करने का प्रयास किया है। आतिशी के साथ उनके साथ पांच मंत्री भी शपथ लेंगे। आतिशी के मंत्रिमंडल में गोपाल राय, सौरभ भारद्वाज, कैलाश गहलोत और इमरान हुसैन पूर्ववत रहेंगे जबकि मुकेश अहलावत नया चेहरा होंगे। मंत्रिमंडल में एक पद रिक्त है जिसे भरने के लिए आप ने अभी फैसला नहीं लिया है। यह पद आतिशी के मुख्यमंत्री बनने से रिक्त हो रहा है। बताया जा रहा है कि मंत्रियों के विभागों में एक बार फिर बदलाव हो सकता है। मंत्रिमंडल में नया चेहरा मुकेश अहलावत को राज कुमार आनंद की अपेक्षा कम विभाग दिए जा सकते हैं। विधानसभा चुनाव भी पांच माह में होने हैं और अहलावत को सिस्टम समझने में अभी समय लगेगा। ऐसे में उन पर काम का दबाव कम किया जा सकता है।

## कुमारी सैलजा भाजपा में होंगी शामिल?

# मनोहर लाल ने दिए संकेत, कहा- समय आने पर सब पता चल जाएगा

**करनाल, 21 सितम्बर [एजेंसी]।**



हरियाणा में जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव की तारीख नजदीक आती जा रही है। वैसे ही कांग्रेस में अंदरूनी कलह बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में कुमारी सैलजा और रणदीप सुरजेवाला को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का भी बयान सामने आया है। मीडियाकर्मियों ने जब मनोहर लाल से पूछा कि क्या कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा और रणदीप सिंह सुरजेवाला बीजेपी में शामिल होंगे? इसके जवाब में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि यह संभावनाओं की दुनिया है और संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता है। सही समय आने पर आपको सब कुछ पता चल जाएगा।

# दुकानों को बंद कराने सड़कों पर निकले कांग्रेसी



**रायपुर।** कवर्धा के लोहारीडीह हिंसा मामले को लेकर कांग्रेस ने आज छत्तीसगढ़ बंद का आव्हान किया है। बंद को सफल बनाने कांग्रेसी सड़कों पर निकले हैं और व्यापारियों से समर्थन मांगकर दुकानें बंद करा रहे। वहीं राजधानी के सबसे बड़े सब्जी बाजार शास्त्री मार्केट में बंद का कोई असर नहीं है। राजधानी में बंद का मिला जुला असर देखने को मिल रहा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि शहर में कवर्धा कांड को लेकर बंद का आवाह्न किया गया है। आज सड़कों में निकलकर सभी मार्केट को बंद करवाया जा रहा है। आम जनता से जन समर्थन मांग रहे हैं। कल रात बड़ी संख्या में थाना प्रभारी और पुलिस कर्मियों सहित एसपी और कलेक्टर का ट्रांसफर कांग्रेस के दबाव में आकर सरकार ने किया है, लेकिन इससे क्या होगा। प्रदेश में कानून व्यवस्था बिगड़ चुकी है। कवर्धा गृहमंत्री का विधानसभा क्षेत्र है और वहां ऐसी घटना हुई है। निर्दोष पर कार्रवाई की गई, जिसे लेकर आज छत्तीसगढ़ में बंद का आवाह्न किया गया है।

# गृहमंत्री विजय शर्मा के निवास के बाहर बैठे एसआई अभ्यर्थियों को पुलिस ने हटाया

**रायपुर।** एसआईभर्ती परीक्षा के अभ्यर्थी रिजल्ट जारी करने को लेकर गृह मंत्री विजय शर्मा के निवास के बाहर शुक्रवार सुबह से धरने पर बैठे हैं, जिसे हटाने पुलिस पहुंची है। देर रात गृहमंत्री शर्मा अभ्यर्थियों के बीच पहुंचकर 2 सप्ताह में रिजल्ट जारी करने की बात कही थी। इसके बावजूद अभ्यर्थी धरने पर बैठे रहे। आज सुबह बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी अभ्यर्थियों को हटाने पहुंची है। इससे पहले परीक्षार्थियों से 4 सितम्बर को गृह मंत्री विजय शर्मा ने मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने 15 दिनों के अंदर रिजल्ट जारी करने का आश्वासन दिया था। अभ्यर्थियों ने उम्मीद जताई थी कि



परिणाम अब घोषित किए जाएंगे, लेकिन हर बार की तरह मायूसी ही हाथ आई। रिजल्ट जारी नहीं होने पर फिर गृह मंत्री बंगले के बाहर धरने पर बैठे हैं। धरने पर बैठे एक अभ्यर्थी ने बताया कि 11 दिनों से 22 अभ्यर्थी भूख हड़ताल पर हैं। कुछ लोग तूता धरना स्थल में धरने पर रहे, जिनकी कमजोरी इतनी है कि आने की स्थिति में ही नहीं है। 2 ऐसे भी अभ्यर्थी रहे, जिनकी अनशन से तबियत खराब होने पर प्रशासन जबरदस्ती इलाज के लिए आपताल ले गए। अभ्यर्थी ने कहा, सरकार सुध लेने के लिए तूता तक नहीं जाती। बात सुनने के लिए मंत्री जी नहीं आए इसलिए माता-पिता के साथ यहां आना पड़ा।

# तिरुपति प्रसादम् में चर्बी की मिलावट से भोपाल में हिंदू संगठनों में आक्रोश, जगन रेड्डी का पुतला फूंका



**भोपाल, 21 सितम्बर [एजेंसी]।**


आंध्र प्रदेश में स्थित तिरुपति बालाजी देवस्थानम के लड्डू प्रसाद का विवाद अब भोपाल तक पहुंच गया है। यहां हिंदू संगठनों ने प्रसाद के लड्डू में पशुओं की चर्बी व मछली का तेल मिलाए जाने पर तीव्र आक्रोश जताते हुए सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया।संस्कृति बचाओ मंच के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी की अगुआई में संगठन के कार्यकर्ता टीटी नगर में प्लेटिनम प्लाजा स्थित आदर्श नवदुर्गा मंदिर के सामने एकत्रित हुए और नारेबाजी करते हुए आंध्र प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी का पुतला दहन किया। चंद्रशेखर तिवारी ने कहा कि तिरुपति बालाजी मंदिर में लड्डू में चर्बी और मछली का तेल मिले जाने से हिंदू समाज में रोष व्याप्त है। जगन मोहन रेड्डी सरकार ने हिंदू धर्म को भ्रष्ट करने का प्रयास किया। उन्होंने हमारे भगवान के प्रसाद को अपवित्र कर उन्हें भोग लगाया है। लाखों-करोड़ों लोगों की आस्था तिरुपति मंदिर से जुड़ी हुई है। ऐसे में इस प्रकार का कृत्य घोर निंदनीय है। उनके खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं ओम शिव शक्ति सेवा मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने भी इस प्रकरण को लेकर आक्रोश जताया और कहा कि यह हम सनातनियों की धार्मिक आस्था पर बहुत बड़ा कुठाराघात है। यह निंदनीय और शर्मनाक है।

इस तरह की घटना किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके लिए जो भी दोषी हैं, उन्हें कठोरतम सजा दी जाए। महंत अनिलानंद महाराज ने भी तिरुपति मंदिर के लड्डू वाले प्रसाद में पशुओं की चर्बी मिलने पर नाराजगी जताई है। महंत ने कहा कि आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को तत्काल निष्पक्ष जांच करानी चाहिए। दोषियों पर कार्रवाई भी करें। केंद्र सरकार दखल देकर कड़ी कार्रवाई कराए। भगवान के प्रसाद और हिंदू धर्म के साथ इस प्रकार से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं है।

## अब सब साफ होना चाहिए...सीक्रेट नहीं चलेगा, लड्डू विवाद पर केंद्रीय मंत्री ने की सीबीआई जांच की मांग

*__नई दिल्ली।__ तिरुपति बालाजी मंदिर के लड्डू परसाद में गाय की चर्बी की बात पर हर जगह हंगामा मचा है। हिंदू समुदाय काफी नाराज है। वहीं, अब भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे ने आंध्र प्रदेश सरकार से मामले की गहन और निष्पक्ष जांच की मांग की है। मंत्री ने कहा कि तिरुपति लड्डू मामले आंध्र प्रदेश सरकार या तो विशेष टीम गठित करे या मामले को सीबीआई को सौंपे। उन्होंने कहा कि मेरी मांग है कि पिछले 4 सालों में घी आपूर्तिकर्ताओं की पूरी जांच की जाए।*





# एक और ट्रेन पलटाने की साजिश, गुजरात में पटरियों पर रखी फिश प्लेट और चाबियां



**वडोदरा।** गुजरात में एक बार फिर ट्रेन को पटरी से उतारने की साजिश रची गई, जिसे रेलवे स्टाफ की सतर्कता की वजह से नाकाम कर दिया गया है। सूरत के पास वडोदरा में रेलवे ट्रैक के साथ छेड़छाड़ की गई। पश्चिम रेलवे, वडोदरा डिवीजन ने शनिवार को इसका एक वीडियो जारी कर बताया कि किसी अज्ञात शख्स ने किम रेलवे स्टेशन के पास यूपी लाइन ट्रैक से फिश प्लेट और कुछ चाबियां खोलकर उसी ट्रैक पर रख दीं, जिसके बाद ट्रेन की आवाजाही रोक दी गई। हालांकि, जल्दी ही लाइन पर ट्रेन सेवा शुरू हो गई। देहरादून से काठगोदाम जा रही नैनी-दून जनशताब्दी ट्रेन हादसे का शिकार होने से बच गई। बता दें कुछ आपराधिक तत्वों ने ट्रेन को बेपटरी करने की साजिश कर रेलवे ट्रैक पर लोहे का पोल रख दिया था, लेकिन लोको पायलट की सूझबूझ से बड़ा हादसा होने से टल गया।

# म्यांमार से घुसे 900 कुकी उग्रवादी, गुरिल्ला युद्ध और ड्रोन्स हमले करने में माहिर, खुफिया रिपोर्ट

**माणिपुर, 21 सितम्बर [एजेंसी]।**

म्यांमार के करीब 900 आतंकवादी मणिपुर में दाखिल हो गए हैं। वहीं, ये आतंकी राज्य में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की साजिश रच रहे हैं। खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। मणिपुर सरकार के सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह ने भी खुफिया विभाग के दावे पर सहमति जाहिर की है। आतंकवादियों के खतरे को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। म्यांमार से सटे पहाड़ी इलाकों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। यह कुकी बहुल इलाका है। जानकारी के मुताबिक, जो आतंकी म्यांमार में दाखिल हुए हैं वो ड्रोन चलाने में भी माहिर हैं।



खुफिया विभाग की रिपोर्ट राज्य के सभी एसपी और पुलिस अधिकारियों को भेज दिया गया है। रिपोर्ट में दावा किया गया कि ये आतंकी 30-30 के गुट में राज्यभर में फैलना चाहते हैं। ये आतंकी मैतेई बहुल इलाकों को निशाना बनाने की साजिश रच रहे हैं। रिपोर्ट को लेकर कुलदीप सिंह ने कहा कि यह शत प्रतिशत सही है। उन्होंने कहा कि खुफिया विभाग की रिपोर्ट पर हमें भरोसा करना चाहिए। 1 सितंबर के बाद से मणिपुर में एक बार फिर हिंसा बढ़ चुकी है।

**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**
**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।


मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

मानसिक रोग विशेषज्ञ
**डॉ. ए.ए. खान**
मानसिक रोग विशेषज्ञ
Ex. RESIDENT PSYCHIATRIST, CIP, KANKE (RANCHI) & HOD-PSYCHIATRY, SECL, COAL INDIA

- सेक्स संबंधित समस्या
- मिर्गी, डिप्रेशन, माइग्रेन
- पागलपन, बेहोसी, सिरदर्द
- नींद की कमी, कान में आवाज आना
- बार -बार हाथ धोना, मंदबुद्धि
- उदासी, घबराहट, चिड़चिड़ापन
- गांजा, भांग, शराब की लत छुड़ाना
- बड़ी-बड़ी बाते करना



रविवार से गुरूवार
सुबह: 10 बजे दोपहर 2 बजे तक
गरिमा मेडिको
विकास कॉम्पलेक्स, टी.पी. नगर कोरबा में उपलब्ध रहेंगे
91092 90994 82625 05094 93294 43994 88717 67994 89821 67994 82600 67994

# लेबनान में पेजर ब्लास्ट का मिला केरल कनेक्शन! क्या वायनाड के शख्स के साथ इजरायल ने की थी डील?

**नईदिल्ली, 21 सितम्बर [एजेंसी]।**

लेबनान में कई शहरों में सीरियल पेजर ब्लास्ट से सनसनी फैली है। आतंकी संगठन हिजबुल्लाह के हजारों सदस्यों के पेजर में हुए ब्लास्ट से 20 लोगों की मौत हो गई। हिजबुल्लाह ने आरोप लगाया है कि इस हमले में इजरायल का हाथ शामिल है। वहीं, अब इसका केरल कनेक्शन भी सामने आया है। दरअसल, हिजबुल्लाह के लड़ाके मैसेज पर बातचीत करने के लिए पेजर का इस्तेमाल करते हैं, जिसमें ब्लास्ट होने के बाद इसमें इजरायल का हाथ बताया गया। आरोप है कि इजरायल ने पेजर बनाने वाली कंपनी के साथ मिलकर इसमें कुछ विस्फोटक सामग्री डाली थी।इस हमले में कई शेल कंपनियों के नाम सामने आ रहे हैं, उनमें से एक के संस्थापक केरल में जन्मे भारतीय व्यक्ति हैं। हंगरी की जांच की जा रही है। रिनसन जोस मूल रूप से केरल के वायनाड स्थित मनंतावडी के रहने वाले हैं। कई रिपोर्टों के अनुसार, इस हमले में इजरायल ने हिजबुल्लाह के साथ खेल खेला है। इजरायल ने इस हमले में कई शेल कंपनियों का इस्तेमाल किया, जिससे जांच में हिजबुल्लाह उलझ जाए। शुरुआत में हुआ भी ऐसा ही और हिजबुल्लाह ने इसके पीछे ताइवान की कंपनी गोल्ड अपोल्लो को समझा था। हालांकि, बाद में कंपनी ने सफाई दी की जो पेजर ब्लास्ट हुए वो उसके है ही नहीं।



एक मीडिया आउटलेट के अनुसार, पेजर डील में बुल्गारिया की एक कंपनी नोर्टा ग्लोबल लिमिटेड भी शामिल थी।

इस कंपनी के संस्थापक नॉर्वे के नागरिक रेनसन जोस हैं, जिनकी संलिप्तता की

# पीएम जनमन योजना से पीवीटीजी समुदाय के लोगों का पक्के आवास का सपना हो रहा साकार



कोरबा । प्रधानमंत्री जनमन योजना विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है। इसके तहत शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा-सीधा लाभ इन समुदाय के लोगों को मिल रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सुशासन की सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की खुद के पक्के मकान के सपने को पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर कार्य कर रही है।

पीएम जनमन योजना अंतर्गत जिले के दूरस्थ क्षेत्र पोड़ी-उपरोड़ा विकासखण्ड के गुडरूमुड़ा के विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय बिरहोर वर्ग के हितग्राही श्री पूरन सिंह के खुद के पक्के आशियाने का सपना साकार हुआ है। हितग्राही ने आवास पूर्ण होने पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना ने उनकी दशा और दिशा बदल दी है। योजना के तहत वर्ष 2023-24 में उन्हें आवास की मंजूरी मिली। पंचायत स्तर पर दस्तावेजों की पूर्ति होने के साथ ही आवास निर्माण प्रारंभ किया गया। जिसमें पहली किश्त के रूप में 40 हजार रुपये मिलते ही उनकी मकान निर्माण की उम्मीद पक्की होने लगी। उनके द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन के आधार पर आवास निर्माण कार्य शुरू किया गया। मकान निर्माण आगे बढ़ने के साथ ही प्रगति के आधार पर किश्त की राशि मिलती गई और देखते ही देखते उनके सपनों का आशियाना पूरा होकर तैयार हो गया। हितग्राही ने बताया कि आवास निर्माण में कार्य करने पर मनरेगा के तहत उन्हें मजदूरी का भुगतान भी किया गया। हितग्राही अपने पुराने दिनों की कठिनाई याद करते हुए बताते हैं कि वह एक खेतीहर मजदूर हैं। रोजी मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। आवास निर्माण से उनका परिवार कच्ची झोपड़ीनुमा घर में निवास करते थे। जहां जीवन व्यतीत करना बहुत कठिन था। मौसम के अनुसार अनेक कष्टों का सामना करना पड़ता था। बरसात के दिनों में छत से पानी टपकना, दीवारों में सीलन आना, साथ ही सर्दी के समय रात में ठण्ड के कारण नींद नहीं आती थी। साथ ही साल भर जहरीले कीड़े, सांप, बिच्छू इत्यादि का डर बना रहता था। अब पक्का मकान मिलने से उनकी ये समस्याएं दूर हो गई हैं। अब वे अपने परिवार के साथ पक्के आवास में चैन की नींद सो रहे हैं। पक्की छत वाली घर होने से उनकी समाज में प्रतिष्ठा बढ़ी है। नए आवास में परिवार के साथ हंसी-खुशी जीवन व्यतीत कर रहे हैं। हितग्राही श्री पूरन सिंह ने बताया कि शासन की विभिन्न महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ उनके परिवार को मिल रहा है। जिसके अंतर्गत महतारी वंदन योजना के तहत उनकी पत्नी को प्रतिमाह 01 हजार रूपए की सहायता राशि मिल रही है। इसी प्रकार रोजगार गारंटी योजना मनरेगा में कार्य, तेंदूपत्ता संग्रहण, किसान पेंशन योजना, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड जैसी अन्य योजनाओं से भी लाभान्वित हो रहे हैं। जिससे उनके परिवार की आय बढ़ रही है। उन्होंने जिला प्रशासन को अपने आर्थिक एवं सामाजिक वृद्धि हेतु आभार व्यक्त करते हुए विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों के आशियाने के सपने को पूरा करने के लिए देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का सहृदय धन्यवाद ज्ञापित किया।

गौरतलब है कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से शत-प्रतिशत लाभान्वित करने के लिये प्रधानमंत्री जनमन योजना की शुरूआत की है। इसके तहत विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों को प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान कार्ड, जनधन खाता, नलजल, आजीविका, कौशल विकास, उज्जवला सहित अन्य योजनाओं से प्राथमिकता से लाभान्वित किया जा रहा है।

# कलेक्टर ने किया पुरातत्व संग्रहालय का निरीक्षण



कोरबा । कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने घंटाघर ओपन ऑडिटोरियम परिसर में स्थित जिला पुरातत्व संग्रहालय का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने संग्रहालय में संग्रहित कोरबा जिले से संबंधित पुरातात्विक महत्व के धरोहरों को देखा। संग्रहालय में सेवा देने वाले श्री हरि सिंह क्षत्री ने संग्रहालय की वस्तुओं के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई एवं इंजीनियर को संग्रहालय की आवश्यकताओं और समस्याओं को रेखांकित कर जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

# आयुर्वेद एवं जीवन शैली में बदलाव से हो सकता है स्वस्थ शरीर का निर्माण : डीएम




कोरबा । कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी भी डॉ. उदय शर्मा एवं डॉ. राम कुमार के नेतृत्व में आज घण्टाघर ओपन थियेटर मैदान में एक दिवसीय निःशुल्क जिला स्तरीय आयुष चिकित्सा शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य शासन के निर्देश पर आयुष मेला/स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। यह शिविर आयुर्वेद पर भरोसा करने वालों के लिए लाभदायक है। शिविर में पंचकर्म पद्धति से गंभीर बीमारियों का उपचार सहित सामान्य बीमारियों की जांच एवं उपचार की व्यवस्था की गई है। आयुर्वेद पद्धति प्राचीन पद्धति है और इस पद्धति से उपचार धीरे-धीरे होकर जड़ से समाप्त करने की दिशा में भी कारगर साबित हो सकती है। इस पद्धति से उपचार कराकर बीमारी से पीड़ित मरीज लाभ उठा सकते हैं। शासन द्वारा लोगों की स्वास्थ्य सुविधाओं का ध्यान रखकर समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है। इसके अलावा जिला अस्पताल सहित अन्य अस्पतालों में आयुर्वेद पद्धति से उपचार की जाती है। आम नागरिकों को ऐसे शिविर तथा उपचार का लाभ उठाना चाहिए। कलेक्टर श्री वसंत ने स्वस्थ जीवन के लिए जीवन शैली में सुधार करने तथा खान-पान में भी उचित ध्यान देने की आवश्यकता बताई है। उन्होंने आयुर्वेद विभाग द्वारा आयोजित शिविर की सराहना करते हुए सभी की स्वस्थ जीवन की कामना की है। इस दौरान कलेक्टर ने आयुष मेला में संचालित विभिन्न गतिविधियां जड़ी-बूटी, औषधि युक्त पौधे की प्रदर्शनी, औषधि वितरण कक्ष, पंजीयन कक्ष, क्षार सूत्र चिकित्सा केंद्र, पंचकर्म चिकित्सा केंद्र तथा होम्योपैथी चिकित्सा डेस्क का अवलोकन किया।

डॉ. राजकुमार ने बताया कि आयुष मेले में कुल 1140 मरीजों का आयुष पद्धति से उपचार किया गया। जिसमें से 60 मरीजों का पंचकर्म चिकित्सा, 205 मरीजों का होम्योपैथी चिकित्सा, क्षार सूत्र पद्धति से 28 मरीज एवं प्रॉक्टोस्कोप द्वारा परीक्षण किया गया। 213 मरीजों का खून की जांच की गई। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में श्री रजनीश देवांगन एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री राजीव सिंह, निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई, आदि उपस्थित रहे। प्रातः 09 बजे से शाम 05:30 बजे तक शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आम नागरिकों को स्वास्थ्य एवं आयुष पद्धति के उपचार हेतु जागरूक किया गया। आयुर्वेद चिकित्सकों द्वारा आहार-विहार, यम-नियम, ऋतुचर्या, दिनचर्या, रात्रिचर्या, योग का जीवन में महत्व, जीवन शैली संबंधित बीमारियां, मधुमेह, उक्त रक्तचाप, कैंसर से बचाव में योग का महत्व को विस्तार से बताया गया एवं स्वस्थ रहने के उपाय बताए गए। इस दौरान जिला आयुष अधिकारी डॉ. उदय शर्मा, डॉ, अबुल फैज, डॉ. राजकुमार, डॉ. अमित कुमार, डॉ. दिवाकर त्रिपाठी, डॉ. पवन कुमार मिश्र, डॉ. खुशाल पोरवार, डॉ. बसंत नेगी, डॉ. अमित कुमार जाटवर, डॉ. सपना मिश्रा, डॉ. रविकुमार राय, डॉ. पुष्पलता भगत, डॉ. नेहा मिंझ, डॉ. सीमा पाटले, डॉ. नेहा धृतलहरे, डॉ. कुमुदनीमाला डहरिया, डॉ. जितेश्वरी, डॉ. नीमा तिग्गा आदि ने आयुष मेला में सेवाएं दीं।

# राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों में किये जा रहे विविध कार्यक्रम



कोरबा। राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत जिले में समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में विविध कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। जहां जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जनसामान्य को पोषण के प्रति जागरूक कर कुपोषण दूर करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में हितग्राहियों को आकर्षित करने हेतु आंगनबाड़ी केन्द्रों में विविध प्रतियोगिताएं आयोजित हो रही है। जिसके अंतर्गत स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा, व्यंजन प्रतियोगिता, सास-बहू सम्मेलन, फैंसी ड्रेस, निबंध प्रतियोगिता मेंहदी चित्रकला, विविध खेलकूद गतिविधियां जैसे रस्सी का खेल, कम ज्यादा, माला बनाना, पालक मेला, आवाज पहचान, दूर-पास पहचान, छोटा बड़ा पहचान, सब्जियों के छापे से चित्र बनाना, पालको द्वारा बच्चों को स्थानीय खेल खिलाना इत्यादि शामिल है। साथ ही पारिवारिक पुरूषों को प्रबल भागीदारी हेतु प्रेरित किया जा रहा है। पोषण माह के साथ ही वजन त्यौहार हेतु भी पालको को जागरूक किया जा रहा है ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से क्यूआर स्कैन कर बच्चों के वजन का सत्यापन किया जा रहा है।



## हाथी प्रभावित ग्राम परला में 20 दिनों से ट्रांसफार्मर खराब

कोरबा। जिले के विकास खंड पोड़ी उपरोड़ा अंतर्गत हाथी प्रभावित क्षेत्र ग्राम परला, में ट्रांसफार्मर के जल जाने से अंधकार मय हो गया है,इस संबंध में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अजीम खान, ने हमारे संवाददाता को लिखित जानकारी देकर बताया कि ग्राम पंचायत परला, के वार्ड क्रमांक 4, अहिर मोहल्ला में पिछले 20 दिनों से ट्रांसफार्मर के जल जाने से अंधकार मय हो गया है,अजिम खान, ने यह भी बताया कि उक्त ग्राम पंचायत परला, हाथी प्रभावित क्षेत्र में आता है, और आऐ दिन हाथी गांव में विचरण करते रहते हैं, जिससे खतरा बना रहता है,

विद्युत वितरण विभाग पोड़ी उपरोड़ा, के कनिष्ठ अभियंता, को एक लिखित आवेदन प्रस्तुत कर शीघ्र ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की गई है!

## ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका हेतु दावा आपत्तियां 30 सितंबर तक आमंत्रित

कोरबा । एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा (शहरी) जिला कोरबा अंतर्गत ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता के 03 एवं सहायिका के 15 रिक्त पदों में भर्ती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। विभाग द्वारा प्राप्त आवेदनों की जांच एवं परीक्षण उपरांत अनन्तिम मूल्यांकन पत्रक जारी किये गये। आवेदिकाएं परियोजना कार्यालय तथा नगर निगम के सूचना पटल पर मूल्यांकन पत्रक का अवलोकन कर सकते हैं। साथ ही संबंधित वार्ड के पार्षदगणों एवं आंगनबाड़ी केन्द्र में भी मूल्यांकन पत्रक उपलब्ध कराए गए हैं। जिससे समस्त आवेदिकाओं तक जानकारी उपलब्ध कराई जा सके। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना से प्राप्त जानकारी के अनुसार जारी मूल्यांकन पत्रक पर 30 सितंबर 2024 दावा आपत्तियां आमंत्रित की गई है। इच्छुक आवेदिकाएं उक्त तिथि तक कार्यालयीन दिवस प्रातः 10 से 5:30 बजे तक परियोजना कार्यालय शहरी में अपनी दावा आपत्ति जमा कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा-आपत्तियों पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा।

# स्वस्थ जीवन जीने का मार्ग, स्वस्थ आहार और व्यायाम- डॉ. डी.के. झा



कोरबा। जीवन की सबसे अच्छी कमाई स्वस्थ रहना है। स्वस्थ रहने का मतलब है शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से फिट और स्थिर रहना। अगर कोई व्यक्ति अपने स्वास्थ्य पर नियंत्रण रखना जानता है तो वह सफल जीवन जीना जानता है। अगर कोई व्यक्ति स्वस्थ है तो वह हमेशा काम करने के लिए तैयार रहेगा और काम में उत्पादक होगा। अच्छे स्वास्थ्य को अक्सर पूर्ण शारीरिक, मानसिक और सामाजिक कल्याण की स्थिति के रूप में माना जाता है न कि केवल बीमारी या कमज़ोरी की अनुपस्थिति के रूप में। हमें सकारात्मक रहकर और ध्यान लगाकर अपने मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखना चाहिए। इसके बाद सामाजिक स्वास्थ्य और संज्ञानात्मक स्वास्थ्य किसी व्यक्ति के समग्र कल्याण के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। एक व्यक्ति अपने सामाजिक स्वास्थ्य को तब बनाए रख सकता है जब वह दूसरों के साथ प्रभावी ढंग से संवाद करता है। अच्छे स्वास्थ्य से अभिप्राय शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से पूर्ण रूप से स्वस्थ होना है न कि केवल बीमारी या कमजोरी का अभाव। इसका मतलब यह है कि व्यक्ति न केवल बीमारियों से मुक्त हो बल्कि शारीरिक रूप से मजबूत, मानसिक रूप से संतुलित और सामाजिक रूप से सक्रिय और खुशहाल हो।

उपरोक्त तथ्यों के मद्देनजर इंडस पब्लिक स्कूल दीपका में हेल्थ चेक अप कैंप का आयोजन किया गया। विद्यालय में आयोजित हेल्थ कैंप में विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों ने शिरकत की। डॉक्टर की टीम द्वारा हेल्थ चेकअप, जनरल मेडिसिंन, विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टर्स ने विद्यालय के ननिहालों एवं कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। सभी बच्चे कतारबद्ध होकर अपने-अपने कक्ष शिक्षिकाओं के साथ स्वास्थ्य परिक्षण करवाते गए एवं विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने आवश्यक सुझाव सहित विशेष जानकारियां प्रदान की। विद्यार्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण के पश्चात विद्यालय के कर्मचारियों का भी क्रमशः स्वास्थ्य परीक्षण करवाया गया। सभी कर्मचारी अपने-अपने स्वास्थ्यगत परेशानियों को चिकित्सकों को बताते गए एवं आवश्यक सुझाव प्राप्त कर स्वास्थ्य लाभ लेते गए।

डॉक्टर सुमन चाइल्ड स्पेशलिस्ट ने बताया कि स्वास्थ्य अमूल्य निधि है हमें हर हाल में इसकी रक्षा करनी चाहिए। हमें स्वास्थ्य के प्रति हमेशा संजीदा रहना चाहिए। स्वास्थ्य सही होगा, तो सब सही होगा। स्वास्थ्य वास्तव में सबसे बड़ी संपत्ति है। जब हम अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखते हैं, तो हम न केवल अपनी व्यक्तिगत जिंदगी में बल्कि समाज में भी सकारात्मक योगदान दे सकते हैं। स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए नियमित व्यायाम, संतुलित आहार, और तनाव से बचने की आदतें विकसित करनी चाहिए। इसके साथ ही, मानसिक स्वास्थ्य को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ध्यान और योग जैसी प्रथाएँ मन को शांत रखने में मदद कर सकती हैं। स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने से न केवल हम खुद को बल्कि अपने आसपास के लोगों को भी प्रेरित कर सकते हैं। इसलिए, इसे एक अमूल्य निधि मानकर इसकी रक्षा करना चाहिए।डॉ. डी.के. झा अर्थोपेडिक सीएमओ, एनसीएच गेवरा* ने बच्चों को बताया कि जंक फूड जैसे बर्गर, पिज्जा, चिप्स, और मिठाइयाँ बहुत ही स्वादिष्ट होते हैं लेकिन क्या आपको पता है कि ये हमारे लिए कितने हानिकारक हो सकते हैं? जब हम जंक फूड खाते हैं, तो यह हमारे शरीर को जरूरी पोषक तत्व नहीं देता। इसके बजाय, इसमें बहुत अधिक चीनी, नमक, और वसा होती है, जो हमारी सेहत के लिए सही नहीं हैं। इससे हम मोटे हो सकते हैं, और कई बीमारियाँ भी हो सकती हैं, जैसे डायबिटीज और हृदय की समस्याएँ। इसके अलावा, जंक फूड खाने से हमें ऊर्जा तो मिलती है, लेकिन यह जल्दी खत्म हो जाती है। फिर हमें भूख लगती है और हम फिर से खाना चाहते हैं। इससे हमारी पढ़ाई और खेल पर असर पड़ सकता है। इसलिए, कोशिश करें कि आप फल, सब्जियाँ, और साबुत अनाज का सेवन करें। ये हमारे शरीर के लिए बहुत फायदेमंद हैं और हमें ताकत देते हैं। तो चलो, हम सब मिलकर जंक फूड को कम करें और हेल्दी फूड को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं।डॉक्टर कनक, सीनियर मेडिकल ऑफिसर ने कहा कि स्वास्थ्य हमारे जीवन की सबसे महत्वपूर्ण संपत्ति है। एक स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन ही हमें जीवन में सफलता प्राप्त करने में मदद कर सकते हैं। स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। इसका मतलब है कि यदि हमारा शरीर स्वस्थ है, तो हमारा मन भी प्रसन्न और सक्रिय रहेगा। आज के इस व्यस्त जीवन में हम अक्सर अपने स्वास्थ्य की अनदेखी कर देते हैं। फास्ट फूड, तनाव, और अनियमित जीवनशैली हमारे स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल रहे हैं। लेकिन हमें याद रखना चाहिए कि अगर हमारा स्वास्थ्य सही रहेगा, तो हम हर कार्य में बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगे।

विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर संजय गुप्ता* ने कहा कि स्वस्थ जीवन जीना हर किसी की जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। अगर किसी का मन स्वस्थ और खुश है तो वह हमेशा अपने काम के प्रति प्रेरित रहेगा और काम में उत्पादक रहेगा। हर व्यक्ति के लिए अपने बारे में अच्छा महसूस करना आवश्यक हैए जो उसे खुश रखेगा। किसी भी तरह की पुरानी बीमारी से बचने के लिए स्वस्थ जीवन जीना आवश्यक है। स्वस्थ शरीर हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण हैए जैसे कि हमें रोजगार में अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता मिलती है और हम अपने सपनों को पूरा करने के लिए सकारात्मक ऊर्जा में रहते हैं। स्वस्थ शरीर से हम रोजगार में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं और अपने पसंदीदा गतिविधियों में भाग लेने में भी सक्षम होते हैं। विद्यालय में समय समय पर हेल्थ चेक अप कैंप आयोजित करने का मात्र यही उद्देश्य है कि हमारे विद्यार्थी और सभी कर्मचारी स्वस्थ और समृद्ध रहें।

### एयर स्ट्रीप की मरम्मत के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

कोरबा । भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह ने कोरबा कलेक्टर अजीत वसंत को ज्ञापन सौंपते हुए मांग करी है कि जामबहार बालको कोरबा स्थित एयर स्ट्रीप का रनवे क्षतिग्रस्त है, जिसे मरम्मत कराए जाने की अत्यंत आवश्यकता है। साथ ही एयर स्ट्रीप का मरम्मत कार्य किसी एयर स्ट्रीप बनाने वाली ठेका कंपनी से ही कराया जाना चाहिए।

डॉ. सिंह ने आगे कहा कि उक्त एयर स्ट्रीप स्थल पर चारो तरफ से खुली होने एवं फेसिंग से घिरे होने के कारण असामाजिक तत्वों एवं आवारा पशुओ का प्रवेश होता है, जिससे अनहोनी की आशंका बनी रहती है। 19 सितंबर को प्रदेश के दो वरिष्ठ मंत्रियों के आगमन पर उक्त क्षतिग्रस्त एयर स्ट्रीप में दुर्घटना का शिकार होने से बाल-बाल बचे है।कुछ दिनों पूर्व ही उक्त स्थल की फेसिंग का कार्य किया गया है जिसमें सड़क की ओर फेंसिंग को सड़क से सटाने के कारण हमेशा दुर्घटना होती रहती है। डॉ. सिंह ने निवेदन किया है कि जामबहार बालको नगर कोरबा स्थित एयर स्ट्रिप की मरम्मत एवं बाऊड्रीवॉल प्राथमिकता के आधार एयर स्ट्रीप के संचालक भारत एल्युमिनियम कंपनी बालको नगर कोरबा को सख्त निर्देश देते हुए करवाने का कष्ट करें।

### शिक्षकों की भर्ती होगी मानदेय के आधार पर-30 तक मंगाए गए आवेदन

कोरबा। शिक्षा विभाग द्वारा जिले के एकल शिक्षक/शिक्षक विहीन एवं दो शिक्षकीय माध्यमिक शालाओं में मानदेय पर 96 शिक्षक रखे जाने हेतु पात्र आवेदकों से 30 सितंबर तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने आवेदकों के पात्रता के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि आवेदक के पास संबंधित विषय में स्नातक व बीएड की शैक्षणिक योग्यता होना आवश्यक है। इसमें ग्राम पंचायत/नगरीय निकाय, विकासखंड/ जिला के क्रम में अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। यह व्यवस्था अप्रैल 2025 तक के लिए होगी। इच्छुक अभ्यर्थियों को संबंधित स्कूल में ही आवेदन जमा करना अनिवार्य होगा। भर्ती हेतु आवेदक का चयन शाला प्रबंधन एवं विकास समिति द्वारा किया जाएगा। उक्त संबंध में अधिक जानकारी हेतु कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी/ विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालयों में जारी निर्देश का अवलोकन किया जा सकता है।

### सिरमिना,हायर सेकंडरी स्कूल में60 छात्राओं कोसाइकिल वितरण किया गया

कोरबी चोटिया। विकास खंड पोंडी उपरोड़ा के सुदूर वनांचल एवं जिले के अंतिम छोर में स्थित शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सिरमिना में सरस्वती साइकिल योजना के तहत 60 छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया मंडल अध्यक्ष ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि स्कूल आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता था अब आसान होगा पूरे मन लगा कर पढ़ाई करें, माता पिता, स्कूल के साथ समाज का नाम रोशन करें और आगे बढ़ें।इस अवसर पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष रवि मरकाम शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्रीमति कमला देवी पेंड्रो, पंचायत प्रतिनिधिगण, सरपंच दिवाकर मरकाम, लालजी पांडेय, नरेश श्याम, जसवंत उईके, सुनील गुप्ता, एवम संस्था प्रमुख शशिकिरण एक्का समेत शाला परिवार के शिक्षक, शिक्षिका उपस्थित रहे।

### विश्वकर्मा का मूर्ती विसर्जन

कोरबी चोटिया। ग्राम पंचायत पोंडी उपरोड़ा के हनुमान चबूतरा बस्ती में मंगलवार शाम को समस्त राजमिस्त्री भाई बंधु एवं लक्ष्मी टेंट हाउस के सौजन्य में से भगवान विश्वकर्मा का पूजा एवं स्थापना किया गया जहां रात भर के लिए महिलाओं के द्वारा कीर्तन भजन किया गया एवं सुबह खिचड़ी भोग प्रसाद वितरण किया गया इसके पश्चात दोपहर 2ः00 बजे से विसर्जन के लिए पूरे ग्राम का भ्रमण करते हुए नाचते गाते एवं बाबा विश्वकर्मा भगवान की जयकारे के साथ तान नदी में मूर्ति विसर्जित किया गया ।

### देवेंद्र प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य में भाजपा सदस्यता अभियान कार्यशाला का आयोजन बरपाली मंडल मे हुआ संपन्न

कोरबा । कोरबा जिला में रामपुर विधानसभा के बरपाली मंडल क्षेत्र ग्राम डिटोरी मे भाजपा सदस्यता अभियान की रुपरेखा व कार्यक्रम क्रियान्वयन के संबंध मे एक कार्यशाला का आयोजन 20 सितंबर को संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह थे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह ने की। मुख्य वक्ता देवेंद्र प्रताप सिंह राज्यसभा सांसद ने कार्यकर्ताओ को संबोधित कर नरेंद्र मोदी के कार्यों की जानकारी व योजनाओं को लोगों को बताकर भाजपा मे सदस्यता दिलवाने की अपील करी। संगठन मे निष्ठापूर्वक कार्य करने के लिए कार्यकर्ताओ को प्रेरित किया। जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह ने नरेंद्र मोदी के सकारात्मक कार्यों की विस्तृत जानकारी कार्यकर्त्ताओ को देते हुए संगठन मे सदस्यता प्रत्येक पोलिंग बूथ मे कम से कम 200 लोगों को सदस्य बनाने की निर्देश दिए। कार्यक्रम का संचालन झाम लाल साहू जिला उपाध्यक्ष ने किया कार्यक्रम मे जिला पंचायत सदस्य संदीप कँवर, जिला मंत्री श्रीमती रेणुका राठिया, मंडल अध्यक्ष प्रदीप पटेल, रामनारायण शराफ पूर्व विधायक प्रतिनिधि, हेमसिंह कँवर सरपंच, रवि साहू मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा, श्रीमती प्रतिमा सोनवानी, मालिक राम राजवाड़े मंडल महामंत्री, रमेश मन्नेवार, खिलावन मन्नेवार, लक्ष्मी चंद देवांगन, सोना राम देवांगन, डी.पी. देवांगन सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 30 टॉपर्स को सरकार ने कराया शैक्षणिक भ्रमण

**जांजगीर-चांपा।** उत्कृष्ट जांजगीर-चांपा कार्यक्रम के तहत जिले में शिक्षा स्तर में बढ़ोतरी और शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम के लिए विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इसके तहत जिले में समयबद्ध सिलेबस पूरा करने के साथ साप्ताहिक व मासिक परीक्षा का भी आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में अगस्त के मासिक परीक्षा में कक्षा 10वीं और 12वीं के जिले के टॉप 15 रैंक के 30 छात्र-छात्राओं को कोटमीसोनार के क्रोकोडायल पार्क सहित विभिन्न स्थलों का भ्रमण कराया गया। साथ ही बच्चों को छात्र जीवन और कॅरियर के संबंध में जानकारी दी। क्रोकोडायल पार्क कोटमीसोनार में विद्यार्थियों को मगरमच्छ और उनके संरक्षण के उपायों की जानकारी दी गई।



# कोलवाशरी व ट्रांसपोर्टर्स के आगे जिले के अफसर नतमस्तक

### वायु प्रदूषण की समस्या ने लोगों को किया परेशान

**जांजगीर-बलौदा।** कोलवाशरी व ट्रांसपोर्टरों के आगे जिले के अफसर पूरी तरह से खामोश नजर आ रहे हैं। नो एंट्री को फिर से सरपंच से लेकर विधायक तक विरोध प्रदर्शन कर कलेक्टोरेट शिकायत करने पहुंच गए। आंदोलन की चेतावनी भी दी गई। लागू करने के लिए एक ओर व ट्रांसपोर्टरों के आगे अफसर खामोश नजर आ रहे हैं। ज्ञात हो कि बलौदा से नैला मार्ग तक नो एंट्री में बदलाव होने से क्षेत्र के जनताओं व जनप्रतिनिधियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। तीन दिन पहले अकलतरा विधायक राघवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में जनपद अध्यक्ष, सरपच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा था। जिस पर कलेक्टर ने विधायक राघवेन्द्र सिंह को समिति गठित कर निर्णय लेने की बात कही गई थी। इतने में विधायक इस आश्वासन के बाद बैरंग लौट गए था। इस सबंध में शुक्रवार को एएसपी, एसडीएम, जिला परिवहन अधिकारी, खनिज अधिकारी, सीएमओ नपं बलौदा व सरपंच कन्हाईबद, सिवनी, जर्वे, जावलपुर की उपस्थिति में बैठक हुई। जिसमें एक स्वर में सभी सरपंचों ने बलौदा से नैला तक पहले की तरह फिर से 6 से 10 बजे तक नो एंट्री लागू करने की बात कही। अफसरों व सरपंचों की बात कलेक्टर आकाश छिकारा ने सुना। इसके बावजूद भी कोई निर्णय तक नहीं पहुंच सके। फिर से जल्द ही इस संबंध में अवगत कराने को वात कलेक्टर ने कहकर वापस लौटा दिया गया। इधर बलौदा से नैला के सभी जालवपुर, कन्हाईबंद, जर्वे सहित अन्य गांव के सरपंच व ग्रामीणो नो को लगातार चल रहे भारी वाहन से में सरपंच पहले लागू नो एंट्री को यथावत रखने की बात कही। इसके बाद कलेक्टर ने जल्द ही इस पर निर्णय लेने का आश्वासन दिया। जल्द ही कोई निर्णय आने की संभावना है।

नो एंट्री लागू करने की मांग को लेकर पहले विधायक अकलतरा राघवेन्द्र सिंह. जिला पंचायत सभापति कुसुम कमल साव, नप बलौदा अध्यक्ष पहुंचे थे। कलेक्टर ने जनप्रतिनिधियों को समिति में शामिल कर निर्णय लेने का आश्वासन दिया गया था। शुक्रवार की समिति की बैठक हुई। लेकिन इसमें विधायक सहित जिपं सभापति व नपं अध्यक्ष का नाम ही नहीं था। हालांकि बाद में विधायक अकलतरा शामिल हुए। जो जनप्रतिनिधियों को शामिल नहीं करने का मामला उठाया गया।

## निर्माणाधीन राइस मिल से सरिया चोरी करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर चांपा।** निर्माणाधीन राइस मिल से लोहे की छड़ चोरी करने वाले 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपियों के कब्जे से छड़ बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी गंगाराम बिंझवार निवासी नवागांव थाना बलौदा राईस मिल ग्राम नवागांव हनुमान मंदिर में चैकीदारी का काम करता है। निर्माणाधीन राईस मिल में लगातार छड़ सीमेंट रेती, ईट आते रहता है। 15 सितंबर को भी साईड में छड़ सीमेंट आया था, 16 नग 16 एमएम का गोयल टीएमटी कंपनी का छड़ किमती 13 हजार साईड में रखा था। जिसे राईस मिल का मालिक अरूण झाझड़िया देखकर गया था। 18 सितंबर को सुबह देखा तो छड़ को कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर थाना बलौदा में धारा 303 (2) बीएनएस अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान घटना स्थल निरीक्षण प्रार्थी एवं काम करने वाले मजदुरों से पुछताछ कर कथन लिया गया। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली की ग्राम मदनपुरगढ़ निवासी रूद्रशकर केंवट व उसके अन्य साथियों को घटना दिनांक को निर्माणाधीन राईस मिल के पास घूमते हुए देखा गया है। जो रूद्रशंकर केंवट को उसके घर से पकड़ा, पूछताछ किया गया, जिसके द्वारा बताया गया कि निर्माणाधीन राइस मिल से अपने साथी गजानंद बिंझवार, प्रकाश यादव व अन्य साथियों के साथ लोहे के छड़ को चोरी किए हैं। आरोपियों की पतासाजी के लिए मदनपुरगढ़ जाकर रेड मारी गई। आरोपी प्रकाश यादव व गंजानंद



बिंझवार को घर पर पकड़ा। जिसको हिरासत में लेकर पुछताछ कर मेमोरेण्डम कथन लिया गया। जो दिनांक घटना को ग्राम नवागाँव के निर्माणाधीन राईस मिल के पास रखे लोहे के छड़ को चोरी करना स्वीकार किए है। आरोपी रूद्रशंकर केवंट पिता सुघाव्यास (20), प्रकाश यादव पिता रामाधार यादव (26), गजानंद बिंझवार पिता प्यारे लाल बिंझवार (23) सभी निवासी मदनपुरगढ़ थाना बलौदा के कब्जे से पृथक-पृथक विभिन्न साईज में कटा हुआ छड़ का टुकड़ा टीएमटी कंपनी लिखा हुआ को जब्त किया गया। आरोपियों को 20 सितंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। प्रकरण के अन्य आरोपी फरार है। जिसकी पतासाजी की जा रही है। मिलने पर विधिवत कार्रवाई की जाएगी।

## जिले की अधिकांश भूमि में नाइट्रोजन फास्फोरस की कमी

**जांजगीर-चांपा।** कृषि प्रधान जांजगीर चांपा जिले में मिट्टी की सेहत बिगड़ने लगी है। दरअसल खरीफ फसल के पूर्व गुण परीक्षण लैब में 6 हजार सेंपल जांच के लिए मिले थे। जिनकी जांच पूरी करने के बाद रिपोर्ट उपलब्ध कराया जा रहा है। खास बात यह है अधिकांश सेंपल में नाइट्रोजन व फास्फोरस की कमी पाई गई है। ऐसे में रिपोर्ट उपलब्ध कराने के साथ मिटटी की बिगड़ी सेहत को सुधारने के लिए सुझाव भी दिए जा रहे है।

गौरतलब है कि जिला मुख्यालय में संचालित मृदा परीक्षण लैब में इस बार खरीफ फसल लगाने से पूर्व हजार मृदा सैंपल लेकर जांच करने का लक्ष्य रखा गया था। विभागीय अधिकारियों के अनुसार निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप जांच करने के लिए किसानों द्वारा ग्राम सेवकों के माध्यम से मिट्टी का सेंपल लैब में भेजा गया। इस दौरान जून से लेकर 7 सितंबर तक लैब में प्राप्त सेंपलों को जांच करने का काम हुआ। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक प्राप्त सभी सैंपलों की जांच कर ली गई है। इस दौरान जो रिपोर्ट आई है, उसके मुताबिक अधिकांश मृदा सेंपल में नाइट्रोजन और फास्फोरस की कमी मिली है। सर्वाधिक कमी नाइट्रोजन की है।

जिसका मुख्य कारण खेतों में छोड़े गए पराली को जलाना बताया जा रहा है। इधर मृदा परीक्षण विभाग द्वारा सेंपल जांच के बाद प्राप्त रिपोर्ट को आनलाइन पोर्टल में जारी कर दिया गया है। इसे कृषि विभाग द्वारा ग्राम सेवकों के माध्यम से किसानों तक वितरण कराने का काम किया जा रहा है। बताया जाता है कि इस दौरान मिट्टी में पाई गई कमी को सुधार करने के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए जा रहे है।

जिले के पांच ब्लॉक को मिलाकर 6 हजार मिट्टी सैंपलों की जांच का टारगेट रखा गया था जो लक्ष्य निर्धारित किया गया था उसके तहत मिट्टी सैंपलों की जांच पड़ताल की गई इनमें बलौदा ब्लाक से 1 हजार मिट्टी सैंपलों की जांच की गई है। अकलतरा विकासखंड से 1 हजार 400 मिट्टी सैंपलों की जांच हुई है, पामगढ़ ब्लॉक से 1 हजार 200 मिट्टी सैंपलों की जांच की गई है। नवागढ़ से 1 हजार 200 मिट्टी का नमूना लेकर उसे जांच पड़ताल किया गया। इसी तरह बम्हनीडीह ब्लॉक से 1 हजार 200 मिट्टी सैंपलों की जांच की गई है। इस हिसाब से देखा जाए तो सबसे अधिक मिट्टी का सेंपल अकलतरा से लिया गया है।

## जिला रोजगार कार्यालय में 26 सितंबर की सुबह 10 बजे से लगेगा प्लेसमेंट कैंप ?

**जांजगीर-चांपा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, लाइवलीहुड कॉलेज परिसर में 26 सितम्बर की सुबह 11 बजे 3 बजे तक प्लेसमेंट कैंप लगाया जाएगा। कैंप में निजी क्षेत्र के तीन नियोजक उपस्थित रहेंगे। इसमें अलर्ट प्लेसमेंट सर्विस रायपुर द्वारा मार्केटिंग के तीन पद, सुपरवाइजर के छह पद, सिक्युरिटी गार्ड के 40 पद, महिला गार्ड के 10 पद, टेली कॉलर के 2 पद, एजेंट के 50 पद, शिव सक्ती एग्रीटैक लिमिटेड रायपुर द्वारा सेल्स रिप्रेसेन्टेटिव के 30 पदों तथा सीसा ग्रुप (आरकेएम पावर) द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी।



## हादसे में बाइक सवार की मौत, साथी घायल

**हसौद।** हसौद थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरे युवक की हालत गंभीर होने पर बिलासपुर रेफर किया गया है।

हसौद थाना पुलिस के अनुसार ग्राम धमनी निवासी अभय मधुकर(18) पिता नरसिंह मधुकर धमनी और रितेश भारद्वाज(18) पिता निर्भय भारद्वाज निवासी हसौद सुबह करीब 4.00 बजे अपने घर से किसी काम से बाइक पर निकले थे। हसौद रोड में डीडी ढाबा के पास किसी वाहन ने बाइक पर सवार युवकों को टक्कर मार दी। वहां पर मौजूद लोगों ने हादसे की सूचना दोनों युवकों के परिजनों को दी। इसके बाद घायलों के परिजन पहुंचे और दोनों को सीएचसी जैजैपुर ले गए। तब तक अभय की मौत हो गई थी। रितेश की गंभीर स्थिति देखते हुए सीएचसी जैजैपुर से डॉक्टर ने बिलासपुर रेफर कर दिया।

## बसंतपुर हायर सेकेण्डरी स्कूल में नहीं हो रही पढ़ाई

**जांजगीर-चांपा।** बसंतपुर हायर सेकेंडरी स्कूल में अंग्रेजी एवं विज्ञान शिक्षक की कमी बनी हुई है जिसके कारण 120 छात्रों की पढ़ाई लिखाई प्रभावित हो रही है इस समस्या को लेकर छात्रों ने कलेक्टर से गुहार लगाई है।

गौरतलब है कि बलौदा विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बसंतपुर के हायर सेकेंडरी स्कूल में काफी लंबे समय से विज्ञान एवं अंग्रेजी शिक्षकों की कमी बनी हुई है। जिसके चलते यहां 120 छात्रों की पढ़ाई लिखाई प्रभावित हो रही है। बताया जा रहा है कि जीव विज्ञान पढ़ने वाली शिक्षक संतान पालन अवकाश पर चली गई है। वहीं दूसरी ओर यहां पदस्थ अंग्रेजी के शिक्षक को जिला शिक्षा कार्यालय जांजगीर में अटैच किया गया है। जिसके चलते छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इस समस्या को लेकर शुक्रवार 20 सितंबर को छात्र कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस बीच अपनी समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराते हुए स्कूल में शिक्षक पदस्थ करने की मांग की है। इसके अलावा छात्रों ने समय पर शिक्षकों के स्कूल नहीं पहुंचने को लेकर भी आपत्ति जताते हुए जांच की मांग की है। छात्रों का कहना है कि कई शिक्षक समय पर स्कूल नहीं पहुंचते जिसके चलते पढ़ाई लिखाई प्रभावित होती है। इसके अलावा बसंतपुर हाय एवं

हायर सेकेंडरी स्कूल में पढ़ने लिखने वाले कुछ छात्र-छात्राएं स्कूल में मोबाइल लेकर भी पहुंचते हैं। ऐसा नहीं कि इस बात की जानकारी संबंधित स्कूल के शिक्षकों को ना हो लेकिन इसके बावजूद छात्रों के स्कूल में मोबाइल ले जाने पर प्रतिबंध नहीं लगाया जा सका है स्कूल में मोबाइल ले जाने को लेकर छात्रों ने कलेक्ट्रेट जनदर्शन में शिकायत करते हुए ऐसे छात्रों के खिलाफ भी कार्यवाही की मांग की गई है। वैसे तो बसंतपुर हायर सेकेंडरी स्कूल में टोटल 12 स्टाफ पदस्थ है लेकिन कई शिक्षक समय पर स्कूल नहीं पहुंचते। जिसके चलते भी छात्रों की पढ़ाई प्रभावित होती है। इस पर समुचित कार्यवाही की मांग को लेकर छात्रों ने कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा है। इसके पूर्व भी बलौदा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले मड़वा ग्राम पंचायत के स्कूल में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं ने शिक्षकों की कमी को लेकर पहले ज्ञापन सौंपा था। वहीं मांगे पूरी नहीं होने की स्थिति में स्कूल में तालाबंदी कर दिए थे। इस बात की जानकारी मिलने पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं अन्य अफसर मौके पर पहुंचे एवं बच्चों को आंदोलन नहीं करने की समझाईश देते हुए स्कूलों में व्यवस्था बनाई गई। इस तरह का मामला कन्या हायर सैकेण्डरी स्कूल बाराद्वार में भी सामने आ चुका है। छात्राएं शिक्षकों की कमी को लेकर आंदोलन कर चुके है। बावजूद इसके सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी आज भी बनी हुई है।

## दो महिलाओं के भरोसे कचरा उठाव का हो रहा काम, व्यवस्था प्रभावित

**पंतोरा।** ग्राम पंचायत पंतोरा में कचरा उठाव नहीं हो रहा है। इससे सड़कों के किनारे ट्रांसफार्मर के नीचे बस्ती के अंदर कचरे के ढेर लग गया है।



स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम पंतोरा में कचरा कलेक्शन की शुरुआत हुई थी, लेकिन कचरा गाड़ी लोगों के घर तक नहीं पहुंच रही है। गांव में दो महिलाओं को गांव से कचरा इकट्ठा करने काम दिया गया है। समूह की महिलाएं हर घर तक नहीं पहुंच पा रही हैं। कचरा गाड़ी चलाने वाले महिलाओं का कहना है कि गांव में और महिलाओं की आवश्यकता है और कचरा गाड़ी की आवश्यकता है। तभी हर दिन सभी मोहल्ले में कचरा गाड़ी पहुंच पाएगी। गांव के सचिव संतोष साहू का कहना है कि स्वच्छता भारत अभियान के तहत अभी फंड कम है। इसलिए 2 महिलाएं ही सप्ताह में 2 दिन ग्रामों के अलग अलग मोहल्ले में कचरा एकत्रित कर रही हैं।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कोरबा**
**संक्षिप्त ई-निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक -05**
(प्रथम बार)

क्रमांक/3336/टेण्डर/ग्रायांसेवा/2024 — कोरबा, दिनांक : 19.09.2024

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में ''द'' वर्ग एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न दर्शित सिविल कार्यों हेतु प्रमुख अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, रायपुर द्वारा जारी दर अनुसूची दिनांक 01.11.2021, प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी (सिविल कार्य) दर अनुसूची दिनांक 01.01.2015 से प्रचलित प्रभावशील दर अनुसूची मुद्रित एवं अद्यतन संशोधित दरों पर ऑनलाईन (Online) प्रतिशत दर पर निविदा दिनांक 04.10.2024 समय 17.30 बजे तक ऑनलाइन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| सिस्टम टेण्डर क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 158800 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भैसमा हेतु आवासीय भवन निर्माण कार्य, विकासखण्ड कोरबा | 46.43 |
| 158801 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुदमुरा हेतु आवासीय भवन निर्माण कार्य, विकासखण्ड कोरबा | 46.28 |
| 158802 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोरकोमा हेतु आवासीय भवन निर्माण कार्य, विकासखण्ड कोरबा | 46.28 |
| 158803 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तिलकेजा हेतु आवासीय भवन निर्माण कार्य, विकासखण्ड कोरबा | 46.28 |
| 158804 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिकनीपाली हेतु आवासीय भवन निर्माण कार्य, विकासखण्ड करतला | 46.28 |
| 158805 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सरगबुंदिया हेतु आवासीय भवन निर्माण कार्य, विकासखण्ड करतला | 46.28 |
| 158806 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चाकाबुड़ा हेतु आवासीय भवन निर्माण कार्य, विकासखण्ड कटघोरा | 46.28 |
| 158807 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चैतमा हेतु आवासीय भवन निर्माण कार्य, विकासखण्ड पाली | 46.28 |
| 158808 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तुमान हेतु आवासीय भवन निर्माण कार्य, विकासखण्ड पोड़ी उपरोड़ा | 46.28 |
| 158809 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कटोरीनगोई हेतु आवासीय भवन निर्माण कार्य, पोड़ी उपरोड़ा | 46.28 |
| 158810 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पिपरीया हेतु आवासीय भवन निर्माण कार्य, पोड़ी उपरोड़ा | 46.28 |
| 158811 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र महोरा हेतु आवासीय भवन निर्माण कार्य, पोड़ी उपरोड़ा | 46.28 |
| 158812 | धान संग्रहण हेतु 1000 मैट्रिक टन गोदाम निर्माण कार्य क्रमांक 01 (न.पा.प. क्षेत्र कटघोरा) | 49.24 |
| 158813 | धान संग्रहण हेतु 1000 मैट्रिक टन गोदाम निर्माण कार्य क्रमांक 02 (न.पा.प. क्षेत्र कटघोरा) | 49.24 |
| 158814 | (अ)शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल गोढ़ी में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य (भू-तल) वि.खं.कोरबा<br>(ब) शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल गोढ़ी में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य (प्रथम तल) वि.खं.कोरबा | (अ) 43.84 +<br>(ब) 43.39<br>योग-87.23 |
| 158816 | (अ)विकासखंड करतला अंतर्गत शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल पठियापाली हेतु नवीन भवन निर्माण कार्य (भू-तल)<br>(ब) विकासखण्ड करतला अंतर्गत शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल पठियापाली हेतु नवीन भवन निर्माण कार्य (प्रथम-तल) | (अ) 43.84 +<br>(ब) 43.39<br>योग- 87.23 |
| 158817 | (अ) विकासखण्ड कटघोरा अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घुड़देवा हेतु नवीन भवन निर्माण कार्य (भू-तल)<br>(ब) विकासखण्ड कटघोरा अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घुड़देवा हेतु नवीन भवन निर्माण कार्य (प्रथम-तल) | (अ) 43.84 +<br>(ब) 43.39<br>योग-87.23 |
| 158818 | धान संग्रहण हेतु 400 मैट्रिक टन गोदाम सह कार्यालय भवन निर्माण कार्य, शौचालय सहित (न.पा.प. क्षेत्र कटघोरा) | 30.30 |

2. उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 19.09.2024 समय 15.00 बजे से डाउनलोड की जा सकती है।

3. चूंकि निविदाएं ऑनलाईन दिनांक 04.10.2024 तक समय 17.30 बजे तक प्रस्तुत की जानी है, अतः अमानत राशि सत्यनिष्ठा संधि एवं तकनीकी दस्तावेज स्पीडपोस्ट के माध्यम से इस कार्यालय में दिनांक 09.10.2024 को कार्यालयीन समय अपरान्ह 17.30 बजे तक पहुंचना अनिवार्य है। जिसे दिनांक 10.10.2024 समय 11.00 बजे से खोला जावेगा। निर्धारित समय पश्चात प्राप्त होने वाले दस्तावेजों को मूल्यांकन प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं किया जावेगा।

(ए.के.जोगी)
कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कोरबा
जिला--कोरबा (छ.ग.)

जी-242502664/3

**न्यायालय तहसीलदार कोरबा**
**जिला कोरबा (छ.ग.)**
-: ईश्तहार :-
रा.प्र.क्र. 1716/ ब-121/2023-24
ग्राम : कोरबा, प.ह.नं. 16

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका ज्योति शुक्ला पिता स्व. शिवकुमार जाति ब्राम्हण निवासी/ग्राम कोरबा तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) के ग्राम कोरबा प.ह.नं. 16 रा.नि.मं. के द्वारा अपने पुत्र स्वतः आवेदक के लिए केन्द्र सरकार के अंतर्गत लोक पदों एवं सेवाओं में नियुक्ति/ शैक्षणिक संस्थाओं मे प्रवेश प्राप्त करने हेतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए निर्धारित 10 प्रतिशत का लाभ प्राप्त करने हेतु भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में आय एवं सम्पत्ति (EWS) प्रमाण पत्र बावत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 04.10.24 तक स्वयं अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/09/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

सील
तहसीलदार
कोरबा

**न्यायालय तहसीलदार कटघोरा**
**जिला कोरबा (छ.ग.)**
-: ईश्तहार :-
रा.प्र.क्र. 202409050700025 /अ-6/2023-24
ग्राम : नवागांव, प.ह.नं. 10
तहसील-कटघोरा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम नवागांव प.ह.नं.-10 रा.नि.मं. व तहसील कटघोरा कोरबा (छ.ग.) एवं 02 अन्य द्वारा आवेदकगण रामधन केला पिता स्व. कौशल प्रसाद निवासी ग्राम नवागांव तहसील-कटघोरा, जिला-कोरबा छ.ग. द्वारा ग्राम नवागांव, तहसील-कटघोरा स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि जिसका ख.नं.151, 153/2क, 153/2ख, 154/1, 154/2, 155, 249, 250, 431/2क, 431/2ख, 457, 473/6 कुल ख.नं.12 कुल रकबा 1.396 हे. भूमि शामिलात खाते में दर्ज है। जिसमें आवेदकगण की माता श्रीमती चन्दन बाई की मृत्यु दिनांक 07.12.2018 को हो जाने के कारण मृतक खातेदार का फौती दर्ज कर उनके विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज किये इस न्यायालय को आवेदन प्राप्त हुआ है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 02/10/2024 को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति जो कुछ भी हो पेश कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

सील
तहसीलदार
कटघोरा

**न्यायालय तहसीलदार दर्री**
**जिला-कोरबा (छग)**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र.-202408050400020/अ-21/2023-24
ग्राम-लाटा प.ह.नं. 26 तहसील दर्री

एतद् द्वारा आम जनता मौजा अगारखार, प.ह.नं. 26, रा.नि.मं. अगारखार-तहसील-दर्री, जिला-कोरबा को सूचित किया जाता है कि विषयांतर्गत भूमिस्वामी आवेदक सृजन बिल्डर्स द्वारा भागीदार श्री हरीश परसाई/श्री अशोक अग्रवाल निवासी-तहसील व जिला-कोरबा के द्वारा ग्राम-लाटा, प.ह.नं. 26 रा.नि.मं. अगारखार, तहसील-कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.) स्थित स्वमित्व एवं आधिपत्य की परिवर्तित भूमि ख.नं. 1/1, 1/3, 1/2, 3/3, 5/4 एवं 5/2 कुल रकबा 2.89ए. भूमि में से भू-खण्ड क्र.42, रकबा 945 वर्गफीट भूमि को प्रस्तावित क्रेता श्रीमती राजकुमारी राजवाड़े पति श्री बिहारी लाल निवासी प्लाट नं. 108, सरदार वल्लभ भाई पटेल नगर साडा कालोनी कोरबा जिला-कोरबा(छ.ग.) को विक्रय करने अनुमति प्रदान किये जाने बाबत् कलेक्टर महोदय कोरबा को आवेदन करने पर अ.वि.अ.(रा.) कटघोरा के माध्यम से जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 27/09/2024 को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति जो कुछ भी हो पेश कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12.09.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

सील
तहसीलदार
दर्री (छग)

## 12 साल बाद अनुपातहीन संपति के मामले में मिला न्याय

**जांजगीर चापा।** एक पुरानी कहावत है कि सत्य परेशान हो सकता हैं लेकिन पराजित नहीं। इस कहावत को चरितार्थ किया हैं प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम जांजगीर शैलेन्द्र चौहान के दिनांक 29 अगस्त 2024 को दिए गए फैसले ने। आज से ठीक बारह वर्ष पूर्व एसीबी ने नगर के सर्जन डॉ. आर. के. चन्द्रा के निवास पर छापामार कार्यवाही करते हुए उनके विरुध्द अनुपातहीन संपति का मामला दर्ज करते हुए न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किया था जिसमें देर से ही सही अंततः न्याय तथा सत्य की जीत हुई हैं। आज से बारह वर्ष पूर्व सन 2012 के इस प्रकरण में नगर के परशुराम चौक के पास निवासीसर्जन डॉ. राजेश चन्द्रा पर कार्यवाही करते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो रायपुर ने उनके खिलाफ अनुपातहीन संपति का प्रकरण कायम किया था। इस दौरान डॉ. चन्द्रा सर्जरी विषेशज्ञ मालखरौदा के पद पर पदस्थ थे। इस समय उन्होंने ऐच्छिक सेवानिवृत्ति का विभाग को नोटिस दिया था जिसकी अवधि 23 जून 2012 को पूर्ण हो चुकी थी। लेकिन इसके बाद भी उनके नगर के आवास पर 26 जून 2012 को एसीबी ने छापामार कार्यवाही कर प्रकरण कायम किया था। मामले की विस्तृत जांच के बाद विवेचना अधिकारी बिलासपुर तथा एस.पी. एंटी करप्शन ब्यूरो रायपुर ने डॉ. चन्द्रा के खिलाफ अनुपातहीन संपति ना पाते हुए इस प्रकरण को तथा होता की उन्हे खात्मा स्वीकार कर लिया गया। उल्लेखनीय है कि डॉ. राजेश चन्द्रा अपनी शासकीय सेवा के दौरान कभी भी किसी प्रशासनिक वित्तीय अधिकार के पदो पर पदस्थ नहीं रहे।

ऐसे में उनके द्वारा भ्रष्टाचार कर अनुपातहीन संपति अर्जित करने का सवाल ही नही पैदा हैं। उन्हें प्राइवेट प्रेक्टिस करने छुट मिली हुई थी। इसके अलावा दूरबीन नसबंदी ऑपरेशन का भी शासन द्वारा भुगतान किया जाता था और उनकी चिकित्सक पत्नी का अगस्त 2024 में माननीय न्यायालय द्वारा अनुपातहीन संपति न पाए जाने पर तथा विभिन्न हाई कोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट के फैसलो का उदाहरण देते हुए डॉ. आर. के. चन्द्रा के विरुध्द कायम अनुपातहीन संपति के इस प्रकरण में भी नगर में स्वयं का हॉस्पिटल एवं उनके पुत्र का भी व्यवसाय हैं।

### सरकार को लगाया करोड़ों का चूना

**सक्ती।** जिले में संचालित गुरुश्री मिनरल्स की मुसीबत बढ़ती हुई दिख रही है। गुरुश्री मिनरल्स के डोलोमाइट खदान की दोबारा हुई जांच में कई खुलासे होने के आसार दिख रहे हैं। साथ ही खनिज विभाग की रिपोर्ट गलत साबित होते दिख रही है। जिसमें तीन साल से बंद खदान को चालू बताया गया था।

## आमने सामने भिड़े दो वाहन, चालक हुए घायल

**बाराद्वार।** नगरदा हाई स्कूल के पास गुरुवार की दोपहर 2 बजे पिकअप और बाइक में भिड़ंत हो गई। इसमें पिकअप पेड़ से टकराकर रुक गई। हादसे में बाइक चालक का एक पैर टूट गया। वहीं पिकअप चालक को भी चोट आई है।

गुरुवार की दोपहर 2 बजे बाइक चालक रमेश कुमार कंवर द्वारीपारा छुईया जिला कोरबा से बाइक क्रमांक सीजी 12 एच 4625 से सक्ती की ओर जा रहा था। उसी दौरान हाई स्कूल नगरदा के पास विपरीत दिशा से आ रही पिकअप वाहन के चालक रामस्वरूप साहू(30) वर्ष निवासी चांपा ने बाइक सवार को ठोकर मार दिया। इसके बाद पिकअप एक पेड़ से टकराकर रुकी। हादसे में बाइक चालाक रमेश कुमार कंवर का एक पैर टूट गया। मौके पर दर्द से कहराते हुए वह बेहोश हो गया। वहीं पिकअप के चालक को भी चोंटे आई है। घटना की सूचना



मिलने पर नगरदा थाना प्रभारी रोशन लाल टोंडे ने घटना स्थल पहुंचकर दोनों घायलों को पुलिस वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सक्ती भेजा गया, जहां दोनों का इलाज चल रहा है।

### सक्ती के युवक का मेरठ रेलवे स्टेशन में हुआ अपहरण

**जांजगीर चांपा।** छत्तीसगढ़ के युवक का मेरठ में अपहरण हुआ है। बताया जा रहा है कि सक्ती जिले के हसौद थाना क्षेत्र के दो भाई उत्कल एक्सप्रेस से हरिद्वार काम करने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान बीच में 4-5 अज्ञात युवकों ने एक भाई का अपहरण कर लिया। युवक के भाई ने जीआरपी में मामले की शिकायत दर्ज कराई है। लेकिन चार दिन बीत जाने के बाद भी कोई सुराग नहीं मिलने से युवक के भाई ने वीडियो जारी कर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मदद की गुहार लगाई है।

जानकारी के मुताबिक, हसौद थाना क्षेत्र के ग्राम डोमाडीह निवासी जयश्री केंवट अपने भाई गुलशन केंवट के साथ 14 सितंबर को उत्कल एक्सप्रेस से हरिद्वार काम करने जाने के लिए निकला था। अगले दिन 15 सितंबर को ट्रेन मेरठ रेलवे स्टेशन पहुंची। मेरठ स्टेशन से 4 अज्ञात युवक ट्रेन में चढ़े थे। थोड़ी दूर जाने के बाद चारों युवकों ने जबरदस्ती गुलशन का अपहरण कर लिया।


## निधन

### डॉ. संदीप नाथ

**चांपा।** नगर के गौरव पथ स्थित मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एन.के.एच. हॉस्पिटल में पदस्थ चिकित्सक डॉ. संदीप नाथ का शुक्रवार 20 सितंबर को सुबह 10 बजे कदंब चौक स्थित निवास पर हार्ट अटैक से निधन हो गया। वे 46 वर्ष के थे। स्व. डॉ. नाथ अपने पीछे पत्नी समेत एक पुत्र एवं एक पुत्री का परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार मसीही समाज के रीति-रिवाज से शनिवार 21 सितंबर को सायं 5 बजे भोजपुर स्थित सियोन मेनोनाइट कब्रिस्तान में किया जाएगा। उनकी अंतिम यात्रा निवास से प्रार्थना पश्चात सायं 4 बजे निकलेगी।

### सच्चिदानंद देवांगन

**चांपा।** स्थानीय देवांगन मोहल्ला संतोषी मंदिर के पास निवासी देवांगन समाज के प्रतिष्ठित



नागरिक गौतम देवांगन के ज्येष्ठ पुत्र सच्चिदानंद देवांगन (सचिन) का गुरुवार 19 सितंबर को रात्रि निधन हो गया। वे 45 वर्ष के थे। स्व. देवांगन अपने पीछे पत्नी समेत एक पुत्र एवं एक पुत्री का परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार 20 सितंबर को दोपहर हसदेव बेरियर के पास पी.आई.एल. बाइपास मार्ग स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं समेत गणमान्य नागरिक मौजूद थें। स्व. देवांगन पूर्व क्षेत्रीय विधायक मोतीलाल देवांगन के भांजे तथा अकलतरा के पूर्व विधायक छतराम देवांगन के दामाद थे।

## अनमोल वचन......

**सत्य को कभी भी हराया नहीं जा सकता, हार हमेशा झूठ की ही होती है- महात्मा गांधी**

# मुठभेड़ों पर आलोचनात्मक टिप्पणियां

यूपी में एनकाउंटर कोई नई घटना नहीं है। पहले भी कुछ मौकों पर विपक्ष ने मुठभेड़ों पर सवाल उठाए हैं। यहां तक कि न्यायपालिका ने आलोचनात्मक टिप्पणियां की हैं। लेकिन आम तजुर्बा है कि यूपी सरकार पर कोई असर नहीं होता। उत्तर प्रदेश में एनकाउंटर (जिनके बारे में आरोप है कि उनमें ज्यादातर फर्जी होते हैं) और बुल्डोजर राज इतना आम फहम हो गया है कि उनसे कानून के राज के ध्वस्त होने को लेकर आशंकाएं गहराती चली गई हैं। देखा गया है कि मोटे तौर पर ऐसी कार्रवाइयों के निशाने पर अल्पसंख्यक समुदाय के लोग होते हैं। चूंकि उनसे सहानुभूति जताना आज राजनीतिक रूप से घाटे का सौदा माना जाता है, इसलिए उनसे जुड़ी घटनाओं पर सियासी दायरे में कोई बड़ा शोरगुल नहीं होता। इसको लेकर सवाल तभी उठते हैं, जब इनका निशाना राजनीतिक रूप से किसी रसूखदार समुदाय का व्यक्ति बने।

ऐसे ही सवाल अभी उत्तर प्रदेश में गर्म हैं। राज्य के सुल्तानपुर जिले में 28 अगस्त को एक गहने की दुकान में डकैती हुई, जिसमें करीब दो करोड़ रुपये के कीमती सामान लूट लिए गए। पुलिस ने धर-पकड़ शुरू की। छह दिन बाद एक मुठभेड़' में तीन लोगों को घायल कर गिरफ्तार कर लिया। अगले दिन यानी चार सितंबर को एक व्यक्ति ने अदालत में समर्पण कर दिया।

छह सितंबर को यूपी की स्पेशल टास्क फोर्स ने मंगेश यादव नाम के एक अभियुक्त को मुठभेड़ में मार गिराया। मंगेश के परिजनों का आरोप है कि दो दिन पहले उसे एसटीएफ वाले पूछताछ के लिए घर से उठा ले गए थे और फिर मुठभेड़ में उसके मारे जाने की खबर आई। परिजनों का आरोप है कि यह एनकाउंटर नहीं बल्कि हत्या है। उसके बाद से राज्य में एनकाउंटर को लेकर सियासी घमासान मचा हुआ है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के अलावा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी इस मामले में राज्य की योगी सरकार पर निशाना साधा है। लेकिन यूपी में एनकाउंटर कोई नई घटना नहीं है। पहले भी कुछ मौकों पर विपक्ष ने मुठभेड़ों पर सवाल उठाए हैं। यहां तक कि न्यायपालिका ने आलोचनात्मक टिप्पणियां की हैं। लेकिन आम तजुर्बा है कि यूपी सरकार पर कोई असर नहीं होता। उलटे सरकार एनकाउंटर करने वालों को पुरस्कार देती रही है। आरोप है कि यूपी सरकार ने एनकाउंटर को राजकीय नीति बना रखा है और वह बेहिचक इसको आगे बढ़ा रही है।

## राशिफल

**मेष राशिः** आज आपका दिन नॉर्मल रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स का आज का दिन पढ़ाई में मन लगा रहेगा। दोस्तों के साथ आज बाहर जाने का प्लान बनेगा। आज परिवार से संबंधित लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय सकारात्मक रहेंगे। पिछले कुछ समय से चल रही किसी समस्या का भी निदान होगा। कोई शुभ सूचना मिलने से घरों में उत्सव भरा माहौल रहेगा।

**वृष राशिः** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। पहले की अपेक्षा आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। इस राशि के आर्किटेक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छे सौगात लेकर आया हैं, आज आपके कामों की तारीफ हो सकती हैं। आज सामाजिक गतिविधियों में दिन का अधिकतम समय बीतेगा।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज मीडिया और मार्केटिंग संबंधी व्यवसाय से नई-नई जानकारियां मिलेंगी। जिससे आपकी कार्यप्रणाली में भी गति आएगी। महिलाएं अपने काम को लेकर उत्साहित रहेंगी। ऑफिस में किसी महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट को पूरा करने में उच्चाधिकारियों का भी पूरा मार्गदर्शन मिलेगा।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन आपके जीवन में नया बदलाव लेकर आयेगा। घर वालों का भरपूर प्यार आपको मिलेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाऐंगे। इस राशि के जो लोग किसी दूसरे राज्य में व्यापार की शुरुआत करना चाहते हैं आज का दिन उनके लिए अच्छा हैं, परिवारवालों का पूरा सपोर्ट मिलेगा।

**सिंह राशिः** आज अपने दिन की शुरुआत नए उमंगों के साथ करेंगे। आज जिस काम को पूरा करने की ठान लेंगे, उसे पूरा करके ही दम लेंगे। आपकी सकारात्मक संतुलित सोच द्वारा योजनाबद्ध तरीके से दिनचर्या बीतेगी, जिससे आपका उत्साह और मनोबल बना रहेगा। परिवार के साथ कोई मनोरंजक प्रोग्राम भी बनेगा।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन रचनात्मक कार्यों में लगा रहेगा। आज पिछले कुछ समय से जिस काम के लिए प्रयास कर रहे थे, आज उससे संबंधित खुशखबरी मिल सकती हैं। परंतु दूसरों से उम्मीद रखने की बजाय अपनी योग्यता पर विश्वास रखना ज्यादा बेहतर रहेगा। इससे आप का मनोबल भी बना रहेगा। संभव हो तो कार्य शाम होने से पहले ही संपन्न कर लें।

**तुला राशिः** आज आपका दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आएगा। आज आप उन चीजों को ज्यादा महत्व देंगे जो आपके लिए इम्पोर्टेन्ट हैं। साथ ही आपको काम, परिवार और दोस्तों के बीच संतुलन बना कर रखना चाहिए, ऐसा करने से आपके रिश्तों में संतुलन बना रहेगा। आज दिन की शुरुआत में ही कोई शुभ समाचार मिलने से दिन अच्छा होगा। आज किसी दीर्घकालिक योजना पर काम शुरू हो सकता है। काम काज और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच तालमेल बिठाना चुनौती रहेगी, परंतु आप सब कुछ सुनियोजित तरीके से करने में सक्षम रहेंगे।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। पारिवारिक व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के लिए बाहरी व्यक्तियों का अपने घर के मामले में हस्तक्षेप ना होने दें। आज आपके अपने नजदीकी लोग ही आपके लिए कुछ दिक्कतें पैदा करेंगे। सचेत रहें और नकारात्मक परिस्थितियों में धैर्य न खोए और अपना मनोबल मजबूत बनाकर रखें।

**धनु राशिः** आज आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। आज आप आर्थिक स्थिति को देखते हुए भविष्य की प्लानिंग बना सकते हैं। आपकी मेहनत का अच्छा परिणाम जल्द ही मिलेगा। आज कार्यस्थल पर गतिविधियां धीमी होने के बावजूद आप योग्यता और मेहनत से आर्थिक स्थिति सामान्य रखेंगे। मार्केटिंग संबंधी गतिविधियों पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। लाभदायक संपर्क बन सकते हैं, जो भविष्य में काम आएंगे।

**मकर राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज कार्यस्थल पर अपनी उपस्थिति और फोकस रखना जरूरी है। इससे व्यवसाय में आपकी मेहनत के बेहतर परिणाम सामने आएंगे। नौकरी करने वाले लोगों को काम की अधिकता बनी रहेगी। ओवरटाइम भी करना पड़ सकता है। आज आपकी नम्रता और समझदारी आपके रिश्तों में आई नोक झोंक को दूर करेंगी। आपके द्वारा कार्य में सफलता अवश्य मिलेगी।

**कुंभ राशिः** आज आपका ध्यान धार्मिक कार्यों में लगा रहेगा। शाम को आप किसी सामारोह में जायेंगे जिसमें आपकी मुलाकात किसी खास व्यक्ति से होगी। आज किसी विशेष व्यक्ति से प्रभावित होकर आप भी अपनी दिनचर्या में कुछ परिवर्तन लाने की कोशिश करेंगे और कुछ नए कार्यों को भी करने में आपका ध्यान केंद्रित रहेगा। आप कोई ऐसा निर्णय लेंगे जो कि आपके लिए फायदेमंद साबित होगा।

**मीन राशिः** आज का दिन पहले की अपेक्षा ज्यादा लाभ दिलाने वाला रहेगा। आज आपको अपनी मेहनत पर भरोसा करके काम करना चाहिए आपके काम सफल होंगे। आज बिजनेस में मेहनत के मुताबिक नतीजे मिलेंगे और इनकम पहले से बेहतर होगी। लेकिन कोई भी व्यवसाय संबंधी महत्वपूर्ण निर्णय लेने से पहले उचित सोच-विचार करना जरूरी है। आज आपको अपने काम में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। इस राशि के बच्चें अगर ज्यादा मेहनत करेंगे तो भविष्य में जल्द ही सफलता मिलेगी।

# कांग्रेस को बर्बाद करने की बकायदा कॉन्ट्रैक्ट

//मनु श्रीवत्स//

**कांग्रेस जिस अंदाज से चुनाव मैदान में उतरी है उसे देखते हुए तो यही माना जा सकता है कि बहुत ही 'खूबसूरती' के साथ उसके साथ एक ऐसा 'खेला' हो चुका है कि अब कोई बड़ा 'चमत्कार' ही उसे चुनाव परिणामों में सम्मानजनक स्थान दिला सकता है। जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस ने एक नही कई सारे 'सेल्फ गोल' एक साथ कर लिए हैं। कोई माने या न माने चुनाव में पार्टी बुरी तरह से पिछड़ती नज़र आ रही है।**

जिस अनमने ढंग से कांग्रेस जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव लड़ रही है उसे देखते हुए ऐसा लगता है मानों किसी ने जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस को बर्बाद करने की बकायदा 'सुपारी' ले रखी हो। कांग्रेस जिस अंदाज से चुनाव मैदान में उतरी है उसे देखते हुए तो यही माना जा सकता है कि बहुत ही 'खूबसूरती' के साथ उसके साथ एक ऐसा 'खेला' हो चुका है कि अब कोई बड़ा 'चमत्कार' ही उसे चुनाव परिणामों में सम्मानजनक स्थान दिला सकता है। कांग्रेस के साथ किस किसने 'खेल' खेला, यह तो समय के साथ साफ होता चला जाएगा लेकिन भीतरघात के कुछ संकेत तो अभी से ही दिखाई दे रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस ने एक नही कई सारे 'सेल्फ गोल' एक साथ कर लिए हैं। कोई माने या न माने चुनाव में पार्टी बुरी तरह से पिछड़ती नज़र आ रही है।दस वर्षों बाद जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। मगर कांग्रेस की चुनावी तैयारियों को देखकर लगता है जैसे उसे हल्का सा भी आभास नहीं था कि प्रदेश में विधानसभा चुनाव हो सकते हैं। जिस दिन निर्वाचन आयोग ने चुनाव घोषित किए ठीक उसी दिन कांग्रेस ने अपना प्रदेश अध्यक्ष बदलकर अपनी 'तैयारियों' का पहला प्रमाण दे दिया था। पार्टी ने वकार रसूल वानी की जगह तारीक हमीद कर्रा को नया अध्यक्ष बना दिया। वानी को अगस्त-2022 में उस समय प्रदेशाध्यक्ष बनाया गया था जब गुलाम नबी आज़ाद के साथ बड़ी संख्या में लोग पार्टी छोड़ रहे थे। वानी को आज़ाद का खास आदमी माना जाता था मगर वानी ने उस संकट के समय पार्टी नही छोड़ी और आज़ाद के कारण टूट रही पार्टी को संभालने का पूरा प्रयास किया।लेकिन विधानसभा चुनाव से ठीक पहले अचानक वानी को बदलने का फैसला लेकर कांग्रेस ने उनकी दो साल की कोशिशों पर तो पानी फेरा ही, साथ ही साथ यह संदेश भी दे दिया कि पार्टी के लिए वफादार बने रहने का कोई मतलब नही है। कांग्रेस ने नया अध्यक्ष बनाया भी तो ऐसे व्यक्ति को बनाया जो कभी भी खुद को एक कांग्रेसी के रूप में ढाल ही नही सका है। गौरतलब है कि नवनियुक्त अध्यक्ष तारीक हमीद कर्रा पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) छोड़कर कांग्रेस में आए थे। लेकिन कांग्रेस में आने के बाद भी बहुत अधिक सक्रिय कभी भी नही रहे हैं।

किसी मुद्दे पर बोलते भी कर्रा कभी नज़र नही आए हैं। सोशल मीडिया पर भी उनकी उपस्थिति बहुत कम रही है। सच्चाई यह है कि कर्रा को प्रदेश की राजनीति में कोई बहुत बड़ा नाम नही माना जाता है। कर्रा को एकाएक अध्यक्ष बनाए जाने से कांग्रेस को कोई बहुत बड़ा राजनीतिक लाभ मिलने वाला तो कतई नही था। फिर भी उन्हें अध्यक्ष बनाया जाना हैरान करने वाला फैसला था।पूरी प्रदेश कांग्रेस, विशेषकर जम्मू संभाग की इकाई के लिए कर्रा बिलकुल नए हैं। उनका पार्टी नेताओं तक से संपर्क भी बहुत कम रहा है। अध्यक्ष बनने के बाद अभी तक सिर्फ दो बार कर्रा जम्मू आ सके हैं। किसी भी जिले का अभी तक कर्रा दौरा तक नही कर सके हैं। कर्रा खुद भी चुनाव लड़ रहे हैं। ऐसे में क्या वे अध्यक्ष के रूप में मिली ज़िम्मेदारी से न्याय कर सकते हैं ।

दिलचस्प तथ्य यह है कि प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति का लगभग हर बड़ा नेता चुनाव लड़ रहा है। कर्रा के अतिरिक्त दोनों कार्यकारी अध्यक्ष भी अपना-अपना चुनाव लड़ने में व्यस्त हैं। जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस ने गलतियों पर गलतियां की हैं। एक और बड़ी गलती कांग्रेस ने नए प्रदेश अध्यक्ष के साथ दो कार्यकारी अध्यक्ष बना कर कर दी। रमण भल्ला पहले से ही कार्यकारी अध्यक्ष के तौर पर काम कर रहे थे मगर उनके साथ तारा चंद को भी कार्यकारी अध्यक्ष बना दिया गया। दोनों एक ही ज़िले से संबंध रखते हैं।ताराचंद अगस्त 2022 में पार्टी छोड़कर गुलाम नबी आज़ाद के साथ चले गए थे। बाद में दिसंबर 2022 में उन्होंने पार्टी में वापसी कर ली। सवाल उठता है कि पार्टी छोड़ देने वाले व्यक्ति को आखिर क्या सोच कर कांग्रेस ने कार्यकारी अध्यक्ष बना दिया। उन्हें इनाम दिया गया या कोई अन्य बड़ी 'मजबूरी' थी। प्रदेश में 2009 से 2015 तक रही कांग्रेस-नेशनल कांफ्रेंस सरकार में ताराचंद उप-मुख्यमंत्री थे। उस दौरान उन पर कई बार कई गंभीर आरोप लगे, जिनका जवाब देने में कांग्रेस को बहुत मुश्किल हुआ करती थी। लेकिन बावजूद इस सबके ताराचंद को कार्यकारी अध्यक्ष बना दिया जाना कांग्रेस की अस्पष्ट नीतियों का एक बड़ा प्रमाण है। कांग्रेस का कहना है कि ताराचंद को अनुसूचित जातियों का नेता होने के नाते कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। मगर यहां भी सवाल उठता है कि अगर ऐसा करना था तो फिर मूलाराम को क्यों नही कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। मूलाराम वरिष्ठ भी हैं और पार्टी के प्रति लगातार वफ़ादार भी रहे हैं। यही नही कांग्रेस ने गुलाम नबी आज़ाद के साथ जाने वाले नेताओं के लिए भी दोहरी नीति अपनाई। जो नेता दिसंबर 2022 में आज़ाद को छोड़कर वापस कांग्रेस में लौट आए थे उन्हें कांग्रेस ने खुशी-खुशी गले लगा लिया। ताराचंद भी उनमें से एक थे और किसी समय आज़ाद के सबसे करीबी नेता माने जाते थे। ताराचंद सहित जो लोग दिसंबर 2022 में वापस आए थे उनमें से कई को इस बार कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार भी बनाया है।लेकिन गुलाम नबी आज़ाद के साथ पार्टी छोड़ कर जाने वाले जो नेता विधानसभा चुनाव के समय वापसी करना चाहते थे मगर उनके लिए दरवाज़े बंद कर दिए गए।

इन नेताओं में गुलाम मोहम्मद सरूरी, मजीद वानी और जुगल किशोर शर्मा प्रमुख हैं। सरूरी इंद्रवाल विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ते रहे हैं और लगातार जीतते रहे हैं। लेकिन कांग्रेस ने उन्हें यह कह कर टिकट नहीं दी कि वे आज़ाद के साथ चले गए गए थे। सरूरी अब स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं।इंद्रवाल की तरह ही कांग्रेस ने कटड़ा-माता वैष्णोदेवी से भी टिकट देने में सिर्फ जुगल किशोर को इसलिए मना कर दिया क्योंकि जुगल किशोर शर्मा भी गुलाम नबी आज़ाद के साथ चले गए थे।

जुगल किशोर शर्मा 2002 से 2008 तक रही कांग्रेस-पीडीपी सरकार में केबिनेट मंत्री रह चुके हैं। कटड़ा-वैष्णोदेवी सीट से जुगल किशोर शर्मा एक सशक्त उम्मीदवार साबित हो सकते थे। मगर कांग्रेस ने अंतिम समय पर उन्हें अपना उम्मीदवार बनाने से मना कर दिया। यही नही कांग्रेस ने कटड़ा-वैष्णोदेवी सीट से राजपूत प्रत्याशी मैदान में उतारा है जबकि यह एक ब्राह्मण बहुलता वाला इलाका है। जुगल किशोर शर्मा बगल की रियासी सीट से भी टिकट के इच्छुक थे मगर यहां से भी कांग्रेस नही मानी और उन्हें टिकट नही दी।उल्लेखनीय है कि कटड़ा-वैष्णोदेवी परिसीमन में नई सीट बनाई गई है। पहले यह क्षेत्र रियासी विधानसभा क्षेत्र का ही एक हिस्सा था।कांग्रेस ने जुगल किशोर शर्मा को मना करते समय एक और गलती यह कर दी कि रियासी जैसी हिन्दू बहुल सीट पर एक मुस्लिम प्रत्याशी को उतार दिया। यह फैसला भी कई कारणों से घातक ही साबित होने वाला है। ध्रुवीकरण का लाभ भारतीय जनता पार्टी को मिलना तय हैजिस ढंग से कांग्रेस में सीटों का बंटवारा हुआ है उससे साफ तौर पर आशंका है कि 2014 की पुनरावृत्ति हो सकती है। अगर ऐसा होता है तो निश्चित रूप से कांग्रेस के लिए यह स्थिति बेहद असहज हो सकती है।उल्लेखनीय है कि 2014 में कांग्रेस ने कुल 12 सीटों पर जीत हासिल की थी। लेकिन इन 12 विधायकों में एक भी हिन्दू नहीं था। तमाम हिन्दू बहुल सीटों पर कांग्रेस को ज़बरदस्त हार का सामना करना पड़ा था।दरअसल कांग्रेस की समस्या यह है कि पार्टी जबरदस्त असमंजसता का शिकार है। ऐसा प्रतीत होता है कि उसे मालूम ही नही है कि उसे करना क्या है। वर्तमान राजनीति में अगर उसे मजबूती के साथ मैदान में टिके रहना है तो कांग्रेस को मौजूदा समय की राजनीति के नियम मानने पड़ेंगे। उन्हीं नियमों के अनुसार ही राजनीति करनी भी होगी।लेकिन अगर कांग्रेस को नैतिकतावादी और आदर्शवादी दिखते हुए राजनीति करनी है तो उसे अपने कार्यकर्ताओं को भी समझाना होगा कि सत्ता प्राप्ति उसका लक्ष्य नही है और वह राजनीति में मात्र शुचिता के लिए संघर्षरत है। मगर व्यवहारिक राजनीति में क्या ऐसा संभव है। क्या कार्यकर्ता ऐसी बौधिक बातें स्वीकार कर सकते हैं। कांग्रेस को भूलना नही चाहिए कि एस्ट्रो टर्फ के ज़माने में घास पर हॉकी नहीं खेली जा सकती।

# नवीकरणीय ऊर्जा-भारत के आर्थिक विकास को बढ़ावा दे रही है

//प्रल्हाद जोशी//

**भारत का 2070 तक नेट-जीरो कार्बन उत्सर्जन प्राप्त करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों के विस्तार और एकीकरण पर केंद्रित है, जो सतत विकास पथ के प्रति देश की प्रतिबद्धता का एक प्रमुख घटक है। तेजी से बढ़ती आबादी के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में से एक के रूप में, भारत कार्बन उत्सर्जन को कम करते हुए बढ़ती ऊर्जा खपत की मांग को पूरा करने की संयुक्त चुनौती का सामना कर रहा है। इन कारकों को संतुलित करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा सबसे व्यवहार्य समाधान को दर्शाती है।**

आत्मनो मोक्षार्थ जगदहिताय च - जो स्वयं की मुक्ति और दुनिया के कल्याण का संकेत देता है। विश्व में सबसे कम प्रति व्यक्ति उत्सर्जन वाले देशों में से एक होने के बावजूद, भारत न केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छ ऊर्जा के मुद्दे की वकालत कर रहा है बल्कि अन्य देशों को भी इस मुहिम में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रहा है।

ग्लासगो में कॉप26 में अपनी घोषणा में जलवायु परिवर्तन से निपटने के भारत के संकल्प पर जोर दिया गया, जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पंचामृत पहल के तहत पांच प्रमुख लक्ष्य निर्धारित किए। उनमें नवीकरणीय ऊर्जा महत्वपूर्ण घटक है। देश ने 2030 तक 500 गीगावॉट गैर-जीवाश्म ईंधन ऊर्जा क्षमता हासिल करने और उसी वर्ष तक अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का 50 प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा से पूरा करने का संकल्प लिया है जिसमें सौर ऊर्जा का योगदान 58 प्रतिशत और पवन ऊर्जा का योगदान लगभग 20 प्रतिशत है। ये लक्ष्य 2030 तक कार्बन उत्सर्जन को अनुमानित एक अरब टन तक कम करने और अपनी अर्थव्यवस्था की कार्बन तीव्रता में 45 प्रतिशत की कमी करने के भारत के व्यापक उद्देश्य के अनुरूप हैं। नवीकरणीय ऊर्जा ऐसा क्षेत्र है जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने पिछले 10 वर्षों में परिवर्तनकारी बदलाव किए हैं। नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र पर प्रधानमंत्री के विशेष ध्यान ने भारत को वैश्विक स्तर पर नवीकरणीय ऊर्जा स्थापित क्षमता में चौथे, पवन स्थापित क्षमता में चौथे और सौर क्षमता में पांचवें स्थान पर लाने में मदद की है। सौर ऊर्जा क्षमता में, भारत 2014 तक केवल 12.5 गीगावॉट तक पहुंच पाया था लेकिन अब लगभग 89 गीगावॉट हासिल रहा है, जो केवल 10 वर्षों में 30 गुना से अधिक हो गई है। यहां तक कि पवन स्थापित क्षमता में भी, 10 वर्षों में 2.2 गुना वृद्धि हुई है जो 21 गीगावॉट से बढ़कर 47 गीगावॉट हो गई है।वहनीयता के मामले में, ग्रिड कनेक्टेड सौर ऊर्जा संयंत्रों के टैरिफ में 76 प्रतिशत की कमी आई है जो 2010-11 के टैरिफ 10.95 रुपये की तुलना में घटकर 2023-24 के दौरान 2.60 रुपये हो गया। प्रधानमंत्री ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया है और हमें नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में दिशा दिखाई है, जिससे अब देश को काफी लाभ मिल रहा है।पिछले 10 वर्षों में, ऊर्जा की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों का विकास एवं क्रियान्वयन मिशन मोड में किया गया है। देश में नवीकरणीय ऊर्जा की स्थापित क्षमता 200 गीगावॉट का लगभग 55 प्रतिशत सौर ऊर्जा से आता है। लगभग 30 प्रतिशत का एक और बड़ा हिस्सा पवन ऊर्जा से आता है। भारत ने सौर मॉड्यूल के घरेलू उत्पादन को बढ़ाने और आयात पर निर्भरता को कम करने के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना जैसे कार्यक्रम भी लागू किए हैं। घरेलू सेल उत्पादन के लिए प्रोत्साहन भारत में हरित विकास के लिए वरदान साबित हुआ है, जिससे इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिला है। इसके साथ ही, ग्रीन हाइड्रोजन में ग्रीन हाइड्रोजन ट्रांजिशन (साइट) कार्यक्रम के लिए रणनीतिक उपाय इलेक्ट्रोलाइजर के विनिर्माण और हरित हाइड्रोजन के उत्पादन के लिए प्रोत्साहन प्रदान करते हैं। भारत की हरित हाइड्रोजन की विकास गाथा प्रेरणादायक है। भारत ने कोविड से निपटने हेतु अपनी स्वयं की वैक्सीन का उत्पादन करके जो हासिल किया, ठीक उसी तरह भारत हरित हाइड्रोजन क्रांति का नेतृत्व कर रहा है। इसका उद्देश्य विश्व में उत्पादन और निर्यात का केंद्र बनना है। यहां भी पीएम मोदी द्वारा उठाए गए कदमों ने ही इस परिवर्तन को संभव बनाया! दरअसल, जब देश में ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर को अपनाने की बात आती है तो प्रधानमंत्री भविष्य में ईवी वाहन चार्जिंग के लिए केवल नवीकरणीय स्त्रोतों का उपयोग करने का मार्ग प्रशस्त करने की बात करते हैं, ताकि जीवाश्म ईंधन ऊर्जा स्त्रोतों का उपयोग न करना पड़े। पीएम सूर्य घर योजना सौर छतों का उपयोग करने वाले नागरिकों के साथ उनके वाहनों को बिजली उपलब्ध कराने के जरिए भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। भारत जिस पैमाने और गति से नवीकरणीय यात्रा को आगे बढ़ा रहा है वह बेजोड़ है और यह प्रधानमंत्री मोदी के सीधे हस्तक्षेप का परिणाम है। अब, भारत इस क्षेत्र में सिर्फ अन्य देश भर नहीं है, बल्कि हम भी अग्रणी हैं! पिछले 10 साल में नवीकरणीय क्षेत्र में भारत की परिवर्तनकारी यात्रा ने हमें अग्रणी देशों में स्थान दिया है और हमें वैश्विक पहचान दिलाई है ।इसका असर अब महसूस किया जा रहा है और ब्रांड इंडिया बिल्कुल सही धूम मचा रहा है। इसने नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय को 16-18 सितंबर 2024 को गुजरात के गांधीनगर में री-इन्वेस्ट 2024 का आयोजन करने के लिए प्रेरित किया है। इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। री-इन्वेस्ट 2024 का उद्देश्य इस क्षेत्र की सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों से सीखने का आदान-प्रदान करना और 2030 तक स्थापित 500 गीगावॉट स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य हासिल करने के लिए नए गठबंधन बनाना है। इसमें जर्मनी, डेनमार्क, ऑस्ट्रेलिया, नॉर्वे और संयुक्त अरब अमीरात भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में विभिन्न राज्य सरकारें, बैंक, वित्तीय संस्थान, निवेशक और निजी कंपनियां भी भाग लेंगी जो शपथ-पत्र के रूप में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के लिए अपनी योजनाओं/लक्ष्यों को निर्दिष्ट करते हुए प्रतिबद्धताएं व्यक्त करेंगी।सरकार नवीकरणीय ऊर्जा खरीद दायित्व और नवीकरणीय उत्पादन दायित्व के माध्यम से नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा दे रही है। ये शासनादेश हरित विकास की दिशा में आगे बढ़ने और दायित्वों के पालन की राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुकूल हैं जो व्यक्तिगत संस्थाओं के लिए ऊर्जा परिवर्तन के पथ पर आगे बढ़ना संभव बनाता है।भारत 2030 तक अपनी संचयी विद्युत स्थापित क्षमता का 50 प्रतिशत गैर-जीवाश्म ईंधन-आधारित ऊर्जा संसाधनों से हासिल करना चाहता है। हर साल कम से कम 50 गीगावॉट क्षमता बोली लगाने की योजना है। सरकार ने सौर, पवन, सौर-पवन हाइब्रिड, आरटीसी आरई ऊर्जा, आदि की बोलियां आमंत्रित करने के लिए एसईसीआई, एनटीपीसी लिमिटेड, एनएचपीसी और एसजेवीएन को नवीकरणीय ऊर्जा कार्यान्वयन एजेंसियों (आरईआईए) के रूप में अधिसूचित किया है। भारत में नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन में जबरदस्त बढ़त के बावजूद, अपने महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को पूरा करने के लिए कुछ मुद्दों पर ध्यान देने की जरूरत है। उदाहरण के लिए, प्रमुख परियोजनाओं के लिए वित्तपोषण, विशेष रूप से विकासशील देशों में रणनीति बनाने की आवश्यकता है। विदेशी वित्तीय संस्थान और जलवायु कोष भारत के नवीकरणीय ऊर्जा परिवर्तन को प्रमुख सहायता प्रदान कर रहे हैं।

## तस्वीरों की दुनिया



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के वर्धा में विभिन्न परियोजनाओं के शिलान्यास के अवसर पर संबोधित किया।




भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने झारखंड के रांची में आईसीएआर-राष्ट्रीय माध्यमिक कृषि संस्थान (एनआईएसए) के शताब्दी समारोह में भाग लिया।



केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में भारत-नेपाल यात्रा के अंतर्गत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से भारत गौरव पर्यटक ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली में परमवीर चक्र पुरस्कार विजेताओं के नाम पर अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह के 21 द्वीपों में अपनी तरह के पहले ओपन वॉटर तैराकी अभियान को हरी झंडी दिखाई।



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना में गंगा नदी के जलस्तर में वृद्धि के बाद बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करते हुए।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के वर्धा में राष्ट्रीय प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कार्यक्रम के तहत सुनार सतीश केसी को एक लाख रुपये का चेक प्रदान किया।



केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा नई दिल्ली में राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की 100 दिनों की उपलब्धियों पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए। साथ में आयुष और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, श्रीमती अनुप्रिया पटेल भी हैं।

## एडीएम सुशीला अग्रवाल को शासन ने हटाया राशन माफिया से नजदीकी के आरोप में गिरी गाज



आगरा, 21 सितम्बर [एजेंसी]।

राशन माफिया से नजदीकी के आरोपों में घिरीं एडीएम नागरिक एवं आपूर्ति सुशीला अग्रवाल को शुक्रवार को हटा दिया गया। उन्हें राजस्व परिषद कार्यालय लखनऊ से संबद्ध किया गया है। 14 सितंबर को मुख्यमंत्री कार्यालय ने तत्कालीन डीएम भानु चंद्र गोस्वामी से सुशीला अग्रवाल के विरुद्ध रिपोर्ट मांगी थी। रिपोर्ट सुशीला के पक्ष में नहीं थी। सुशीला के पति हाथरस में एडीएम वित्त एवं राजस्व पद पर तैनात हैं। पीसीएस अधिकारी सुशीला अग्रवाल को वर्ष 2022 में एडीएम नागरिक एवं आपूर्ति बनाया गया था। एडीएम के अर्दली गौरव शर्मा के संपर्क में राशन माफिया सुमित अग्रवाल और मनीष अग्रवाल थे। गौरव द्वारा राशन विक्रेताओं को कार्यालय में बुलाया जाता था।

अगर कोई विक्रेता नहीं आता था तो उसकी शिकायत अधिकारी से की जाती थी। जिले में राशन माफिया सुमित अग्रवाल और मनीष अग्रवाल सिंडीकेट बनाकर हर माह 60 हजार कुंतल चावल सहित अन्य राशन हरियाणा व पंजाब में बेचते हैं। सुमित के विरुद्ध अब तक चार से अधिक मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। मार्च में 400 कुंतल पकड़ा गया था। 21 अगस्त को एडीएम सुशीला अग्रवाल ने सब सही दिखा दिया। जांच में भी खेल किया गया। शिकायतों पर डीएम ने 13 सितंबर को अर्दली गौरव शर्मा को निलंबित कर दिया। 14 सितंबर को मुख्यमंत्री कार्यालय से सुशीला अग्रवाल के विरुद्ध रिपोर्ट मांगी गई। डीएम भानु चंद्र गोस्वामी ने अर्दली गौरव पर कार्रवाई और पूर्व में मिली शिकायतों और सुबूतों की जानकारी शासन को भेज दी। राशन माफिया से एडीएम सुशीला की नजदीकी की पुष्टि हुई।

# गंगा का रौद्र रूप बरकरार, हरदोई में रामगंगा-गंभीरी से कटियारी के 40 गांवों का संपर्क कटा

बिलग्राम -हरपालपुर, 21 सितम्बर [एजेंसी]।



नदियों का जल स्तर कम ज्यादा हो रहा है, लेकिन बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में दुश्वारियां कम नहीं हो रही हैं। जल स्तर में देखें तो गंगामें नरौरा बांध से 99 हजार क्यूसेक, बिजनौर बैराज से 63 हजार क्यूसेक व हरिद्वार बांध से 72 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। गंगा का जलस्तर अभी भी खतरे के निशान 137.10 से ऊपर 137.25 मीटर पर बना हुआ है। रामगंगा में भी 12 हजार क्यूसेक पानी पहुंचा, जिससे रामगंगा का जलस्तर पांच सेंटीमीटर बढ़कर 137.35 मीटर पर पहुंच गया है। जल स्तर से देखें तो गर्रा शांत हो गया है, लेकिन गंगा का रौद्र रूप बरकार है।गंगा के बढ़ रहे जल स्तर से प्रभावित क्षेत्रों में परेशानी ग्रामीणों के पास विधायक एवं जिलाधिकारी ने पहुंच कर उन्हें संबल दिया। ग्रामीणों की परेशानी समझी, समस्याओं के स्थाई समाधान का आश्वासन दिया, राहत सामग्री वितरित की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित ग्राम पंचायत के लेखपाल, सचिव के साथ आपदा राहत के जिम्मेदारों को प्रभावित क्षेत्रों में उपस्थित रहने के निर्देश दिए। बीमारों को चिकित्सीय सुविधा एवं पशुओं के लिए चारा व भूसा प्रबंध के निर्देश भी जारी किए। बाढ़ से प्रभावित कटरी बिछुइया, चिरंजी पुरवा व मक्कू पुरवा में अचानक स्टीमर से पहुंचे अपने क्षेत्रीय विधायक आशीष सिंह आशू एवं जिलाधिकारी मंगला प्रसाद को देख कर ग्रामीण उत्साहित हो गए। विधायक एवं जिलाधिकारी ने बाढ़ की स्थिति देखी, लोगों से वार्ता कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली तथा अपने सामने ही बाढ़ राहत किट का वितरण कराया।

लोगों को खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाई, जिन लोगों के पास खाना बनाने की व्यवस्था नहीं थी, उन्हें पका पकाया भोजन उपलब्ध करवाया गया। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग की टीम को बीमार लोगों को तत्काल दवा उपलब्ध करवाने, पशुपालन विभाग को पशुओं के लिए भूसा एवं चारा का पर्याप्त प्रबंध रखने के निर्देश दिए। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को पशुओं के बीमार होने पर तत्काल इलाज करवाने को कहा। विधायक और जिलाधिकारी के साथ पहुंचे प्रशासनिक अमले एवं चिकित्सकों की टीम को देख कर बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में लोगों ने संतोष जताया। विधायक एवं जिलाधिकारी ने आश्वस्त करते हुए कहा बाढ़ प्रभावितों की पूरी सहायता की जाएगी। बताया शनिवार से गंगा के जल स्तर में कमी आना शुरू होगा। एसडीएम बिलग्राम राकेश सिंह, तहसीलदार अमित कुमार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. एके सिंह, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं दूसरी तरफ कटियारी इलाके में बाढ़ की विभीषिका अभी कम नहीं हुई है। गंगा के साथ ही रामगंगा एवं गंभीरी नदियों के पानी से अभी भी 40 से अधिक गांवों का संपर्क कटा है। गंगा के जलस्तर में बढ़ोत्तरी होने के कारण प्रभावित क्षेत्रों में एसडीआरएफ की टीम भी पहुंच गई है। विकराल हुई बाढ़ का पानी अभी भी अरवल थाना परिसर में भरा हुआ है।

अरवल तथा दहेलिया गांव में पानी भरने के कारण बैंक आफ इंडिया की शाखाओं को बंद कर दिया गया है। बाढ़ से प्रभावित गांव के लोगों की परेशानी समझने एवं राहत सामग्री पहुंचाने के लिए क्षेत्रीय विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू तथा सांसद जयप्रकाश रावत ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र दहेलिया,अरवल, बेहटा मुड़िया, सुदनीपुर,श्रीमऊ तथा जिगनी गांव का दौरा किया। एसडीएम संजय कुमार अग्रहरि, तहसीलदार राजेश कुमार पटेल, अरवल थाना अध्यक्ष सोमपाल गंगवार, चिकित्सा अधीक्षक डा. आनंद पांडे, पूर्ति निरीक्षक अशोक द्विवेदी उपस्थित रहे। इनसेट गांव-मजरे जलमग्न, घरों के अंदर पहुंचा पानी बाढ़ प्रभावित गांव छंगापुरवा, बरगदापुरवा, टपुआ, चंद्रमपुर, निकामदपुर तथा खसौरा ग्राम पंचायत के अधिकांश मजरे जल मग्न हो गए है। बाढ़ का पानी लोगों के घरों में घुस गया है। अधिकांश लोग घरों की छतों पर रहने को मजबूर हैं। कई दिनों से घरों में पानी भरने के कारण लोगों के सामने खाने पीने का व पशुओं के लिए भूसा चारा का संकट उत्पन्न होने लगा है।

# नक्सलियों के आने के बाद से बस्तर में भय, शोषण और डर का माहौल, पीड़ितों से मिल भावुक हुए अमित शाह

नईदिल्ली, 21 सितम्बर [एजेंसी]।



दिल्ली के किसी चौक-चौराहे पर बिना हेलमेट बाइक चलाने पर तुरंत चालान कट जाता है। फोन पर इसका मैसेज भी पहुंच जाता है। कानून-व्यवस्था को लेकर तमाम इंतजाम हैं, लेकिन देश में ऐसी जगह भी है, जहां दिनदहाड़े लोगों को गोली मार दी जाती है। बम फोड़े जाते हैं। विकास चाहने वालों की तब तक पिटाई की जाती है, जब तक कि उनका दम न निकल जाए। यह सब कुछ छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के रहने वाले चार दशक से झेल रहे हैं। जंतर-मंतर पर मौन प्रदर्शन और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद अपनी पीड़ा देशवासियों को बताने के लिए शुक्रवार को बस्तरवासी जेएनयू परिसर पहुंचे। विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ आपबीती साझा की और आने वाली पीढ़ियों के लिए न्याय की मांग की। बस्तर शांति समिति के सदस्य मागहु राम कावड़े ने कहा कि 40 साल पहले जहां ढोल और मांदर की थाप सुनाई देती थी, खुशहाली थी, वहां नक्सलियों के आने के बाद भय, शोषण और डर का माहौल है।

जयराम दास ने कहा कि बस्तर संभाग में आदिवासी भाई-बहन सदियों से अपनी संस्कृति और परंपरा के साथ रहते आए हैं। चार दशक पहले तेलंगाना (तत्कालीन आंध्र प्रदेश) से माओवादी आए। संस्कृति को नष्ट करने लगे। देवी-देवताओं को मानने पर पाबंदी लगाई। देवगुड़ी जाने से भी रोकते हैं। मा?र्क्स, लेनिन और माओ को मानने का निर्देश देते हैं।आगे बताया कि बच्चों के लिए स्कूल नहीं हैं, महिलाओं के लिए अस्पताल नहीं हैं। रास्ते पर चलते हुए कहीं भी आइईडी फट जाते हैं। जंगल से लकड़ी लाने में भी डर लगता है। रात को सोते समय किसी को भी नक्सली उठा लेते हैं। बाप को बेटों के सामने और बेटों को बाप के सामने गोली मार देते हैं। माओवाद का समर्थन करने वाले कथित बुद्धिजीवियों से पूछना है कि उन्हें बस्तरवासियों की तकलीफ क्यों नजर नहीं आई। विद्यार्थियों ने नक्सल पीड़ितों से सीधा संवाद किया। इस अवसर पर लेखक व बस्तर शांति समिति के सदस्य राजीव रंजन, एबीवीपी जेएनयू अध्यक्ष राजेश्वर, सचिव शिखा स्वराज आदि उपस्थित रहे। बस्तर के कोंडा गांव के केदारनाथ कश्यप 12 मार्च, 2014 को अपने भाई रुपेंद्र कश्यप के साथ बाजार गए थे।

अचानक नक्सली पहुंचे और उनके भाई पर गोली चला दी। दो गोली सीने में लगी और तीसरी कोहनी को चीरते हुए केदारनाथ की जांघ में जा लगी। दोनों भाई अलग-अलग दिशा में भागे। उनके भाई कुछ दूर जाकर गिर पड़े। नक्सलियों ने फिर तीन गोली मारी। सांस चलती देख चाकू से अंतड़ियां बाहर निकाल दीं। मां राधा कश्यप बेटे के जीवन की भीख मांगती रहीं, लेकिन नक्सलियों को रहम नहीं आई। बीजापुर के गुड्डू लेखाम अभी 18 साल का है। पढ़ाई छोड़ कमाने के लिए आंध्र प्रदेश चला गया। बीते 11 मार्च को गांव लौटा। दोस्त आइतोड़ पोयम के साथ मारनार बीच घूमने जा रहा था कि नक्सलियों की बिछाई आइईडी पर पांव पड़ गया। जोरदार धमाके में दोनों बुरी तरह घायल हो गए। हास्पिटल में होश आया तो दाहिना पांव नहीं था।बस्तर के नक्सल पीड़ितों की व्यथा सुनकर गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह भावुक हो गए।

## थैंक्यू इंडिया, मुसीबत में भारत ही आया मालदीव के काम मुइज्जू सरकार की बात सुनकर चीन और पाक होंगे हैरान



नईदिल्ली, 21 सितम्बर [एजेंसी]।

भारत के खिलाफ जहर उगलने वाले और इंडिया आउट का अभियान चलाने वाले मालदीव की मदद करने के लिए भारत आगे आया है। मुइज्जू सरकार के अनुरोध पर भारत ने एक और साल के लिए मालदीव को 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ट्रेजरी बिल को आगे बढ़ाने का फैसला किया है। मालदीव को मिली बजटीय सहायता पर मुइज्जू सरकार ने भारत का आभार जताया है।भारतीय उच्चायोग ने बयान में कहा कि भारतीय स्टेट बैंक ने मालदीव सरकार के 50 मिलियन डॉलर के ट्रेजरी बिलों को पिछली सदस्यता के पूरे होने पर एक और साल के लिए सब्सक्राइब किया है। इस साल मई के महीने में स्ब्ह्ब ने मालदीव सरकार के गुजारिश करने पर पुरानी व्यवस्था के तहत 50 मिलियन डॉलर के ट्रेजरी बिल सब्सक्राइब किए थे। यह सब्सक्रिप्शन मालदीव सरकार के विशेष अनुरोध पर आपातकालीन वित्तीय सहायता के रूप में किए गए हैं। भारत की ओर से की गई मदद पर मालदीव के पर्यटन मंत्री अहमद अदीब ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा,50 मिलियन डॉलर के ट्रेजरी बिलों के रोलओवर के साथ महत्वपूर्ण बजटीय सहायता बढ़ाने के लिए भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया. अदीब ने कहा कि इससे हमारे देशों के बीच गहरे संबंध मजबूत होते हैं और आर्थिक स्थिरता और विकास की दिशा में हमारा मार्ग मजबूत होता है। इस साल की शुरुआत में भारत और मालदीव के रिश्तों में जबरदस्त खटास पैदा हो गई थी।

जनवरी में पीएम मोदी ने लक्षद्वीप का दौरा करते हुए द्वीप की कुछ खुबसूरत तस्वीरें पोस्ट की थीं। इन तस्वीरों को देखकर सोशल मीडिया पर लोगों ने यह कहना शुरू कर दिया कि पर्यटकों को मालदीव की जगह लक्षद्वीप का दौरा करना चाहिए। लोगों की यह बात मालदीव को पसंद नहीं आई। इसके बाद मालदीव सरकार कुछ मंत्रियों ने भारत के खिलाफ टिप्पणी की। इसके बाद दोनों देशों के बीच विवाद गहराता गया।

## झारखंड सीजीएल परीक्षा से पहले भंडाफोड़, होटल से छह अलग-अलग बंडलों में मिले 94 लाख रुपए



मेदिनीनगर, 21 सितम्बर [एजेंसी]।

पलामू के मेदिनीनगर में झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग की संयुक्त स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर शुक्रवार की रात होटल/लाज में छापेमारी के दौरान एक होटल से 94 लाख रुपए के साथ दो युवकों को हिरासत में लिया है।गिरफ्तार युवकों में बिहार के औरंगाबाद निवासी सदन यादव व पटना निवासी नीतीश कुमार शामिल हैं। उनके पास से बरामद 94 लाख रुपया छह अलग-अलग बंडलों में रखे हुए थे। चार बंडलों में 14.5-14.5 लाख रुपए तो एक बंडल में 17.5 लाख रुपए थे।सभी बंडल दो अलग-अलग बैग में रखे हुए थे। दोनों युवकों को शहर थाना में लाकर पूछताछ की जा रही है। पूछताछ में दोनों ने बताया कि उनको रुपया वाराणसी के एक स्वर्ण व्यवासायी ने दिए थे, जो मेदिनीनगर में किसी को दिए जाने थे। उनको बताया गया था कि फोन आने के बाद एक व्यक्ति उनके पास जाएगा। जिसको उपरोक्त रुपया देना है। पूरे मामले की तहकीकात की जा रही है। सदर एसडीओ अनुराग तिवारी ने बताया कि मामले की जांच चल रही है।नकदी बरामद होने की सूचना आयकर के अधिकारियों को दे दी गयी है। छापेमारी अभियान में अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, सदर एसडीओ अनुराग तिवारी, अंचलाधिकारी अमरजीत बलहोत्रा, टाउन थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार शामिल थे।

## धक्का देने से था नाराज, भाई को उतारा मौत के घाट



**पूर्वी दिल्ली।** खजूरी खास थाना इलाके में धक्का देने से नाराज युवक ने अपने चचेरे भाई की हत्या कर दी। आरोपित ने अपने तीन दोस्तों के साथ मिलकर चचेरे भाई सन्नी पर चाकू से ताबड़तोड़ वार उसकी जान ले ली। खजूरी थाना ने हत्या समेत कई धाराओं में प्राथमिकी की है।आरोपितों की पहचान मृतक सन्नी के चचेरे भाई अनिकेत, बादल और सुनील कुमार के रूप में हुई है। इनके चौथे साथी श्याम की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। अनिकेत पर लूट, झपटमारी समेत कई धाराओं में 28 केस पहले से दर्ज हैं। सन्नी परिवार के साथ सोनिया विहार इलाके में रहता था। कश्मीरी गेट बस अड्डे की पार्किंग सहायक का काम करते थे।परिवार में पिता, मां, दो भाई और एक बहन है। स्वजन ने बताया कि सन्नी अपने चचेरे भाई अनिकेत के साथ खजूरी किसी काम से गया था। वहां उन्हें श्याम, बादल और सुनील मिले। वहां उनके बीच किसी बात पर कहासुनी हो गई। सन्नी ने अनिकेत को धक्का दे दिया। इससे नाराज होकर अनिकेत ने अपने साथियों के साथ मिलकर उस पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। वारदात के बाद आरोपित फरार हो गए। स्वजन ने सन्नी को जग प्रवेश चंद अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वारदात के कुछ घंटे के बाद पुलिस ने आरोपितों को खजूरी क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया।

## वक्फ संशोधन बिल का तीन मुस्लिम संगठनों ने किया समर्थन, भाजपा जनता को करेगी जागरूक




**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन बिल पर सत्ता और विपक्षी सदस्यों में तीखी नोकझोंक के बीच आरएसएस से जुड़े तीन मुस्लिम संगठनों ने शुक्रवार को संसदीय समिति के समक्ष वक्फ कानून में प्रस्तावित संशोधनों का समर्थन किया। अखिल भारतीय सूफी सज्जादानशीं परिषद, आरएसएस से जुड़े राष्ट्रीय मुस्लिम मंच और एनजीओ भारत फर्स्ट ने वक्फ (संशोधन) बिल पर संयुक्त समिति के समक्ष अलग-अलग अपनी प्रस्तुतियां दीं, तो कुछ विपक्षी सदस्यों ने उनके दावों में खामियां खोजने की कोशिश की।

## एनसीपी के दोनों गुटों को मिले नया चुनाव चिह्न, शरद पवार गुट की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में होगी सुनवाई



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले शरद पवार के नेतृत्व वाले गुट ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट का रुख किया और मांग की कि राकांपा के दोनों गुटों को नए चुनाव चिन्ह दिए जाएं।शरद पवार गुट की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि वे महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने की मांग की, जिसके बाद जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने याचिका को 25 सितंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया।

# दुर्लभ बीमारी गुलियन बैरे सिंड्रोम से ग्रसित निशांत की आठ साल बाद मृत्यु, हार्ट अटैक से गई जान

बरेली, 21 सितम्बर [एजेंसी]।

दुर्लभ बीमारी थी... इसलिए अपनों ने निशांत को छोड़ दिया। कई साल से उससे मिलने कोई नहीं गया। निशांत की तीमारदारी और इलाज एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज वाले ही करते रहे। निशांत को परिवार की कमी नहीं खले, इसलिए स्टाफ उसे अपने बच्चे की तरह प्यार करता।कुछ दिन पहले ही उसका जन्मदिन धूमधाम से मनाया। आखिरकार निशांत जिंदगी की जंग हार गया।18 सितंबर को उसे कार्डियक अरेस्ट पड़ा और शुक्रवार सुबह निशांत की सांसें थम गईं। शहर के मिनी बाइपास रोड स्थित अवध धाम कालोनी निवासी कांता प्रसाद ने अपने 15 वर्षीय बेटे निशांत गंगवार को दिनांक 16 जुलाई 2016 को एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। गुलियन बैरे सिंड्रोम से पीड़ित निशांत के




उपचार के दौरान सर गंगाराम अस्पताल, दिल्ली भी ले जाया गया था। वहां से लाकर फिर एसआरएमस में भर्ती करवा दिया गया था। अस्पताल में भर्ती कराने के बाद माता-पिता छोड़ कर चले गए थे। उसके बाद कोई उसे देखने भी नहीं पहुंचा।मेडिकल कॉलेज की ओर से कई बार उसके घरवालों से संपर्क किया गया। बावजूद इसके उसे कोई देखने तक अस्पताल नहीं आया। इसकी जानकारी जिला प्रशासन को भी दी गई। अपने से ठुकराए गए निशांत के लिए अस्पताल का स्टाफ उसका परिवार बन गया। उसके इलाज और देखभाल की जिम्मेदारी मेडिकल कालेज ने उठानी शुरू कर दी। गुलियन बैरे सिंड्रोम से पीड़ित होने की वजह से निशांत के हाथ-पैर कमजोर हो गए थे और वह चलने फिरने और सामान उठाने में असमर्थ था।

नर्सिंग स्टाफ हर खुशियां निशांत के साथ साझा करता। उसका जन्मदिन भी अच्छे से मनाया। उसे तिलक लगाकर केक भी काटा। हर तरह से उसके परिवार की कमी को पूरा करने का प्रयास स्टाफ ने किया। शुक्रवार सुबह निशांत की मृत्यु के बाद अस्पताल प्रबंधन ने घरवालों को सूचना भेजी, लेकिन कोई नहीं आया। चिकित्सा अधीक्षक डा. (ले. कर्नल) आरपी सिंह ने डीएम को पत्र भेजकर शव के अंतिम संस्कार के संबंध में दिशा-निर्देश मांगे। शाम को पुलिस अस्पताल पहुंची और पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। इधर, देर शाम कांता प्रसाद ने डीएम कार्यालय में पत्र देकर अंतिम संस्कार के लिए बेटे का शव दिलवाने की मांग की।

वहीं, पुलिस को भी फोन करके अवगत कराया। देर रात तक पोस्टमार्टम नहीं हो सका था, यह भी तय नहीं हो सका था कि अंतिम संस्कार कौन करेगा। पिता का आरोप है कि अस्पताल प्रशासन की ओर से उन्हें बेटे की मृत्यु की कोई जानकारी नहीं दी गई। परिवार के लोग मिलने जाते थे तो उन्हें नहीं मिलने दिया जाता था। शुरूआत में वह अस्पताल के 25 लाख रुपये बिल का भुगतान भी कर चुके थे। इधर, डीएम रविंद्र कुमार का कहना है कि अगर परिवार के लोग नहीं मिलते हैं तो एनजीओ के माध्यम से शव का अंतिम संस्कार कराया जाएगा। गुलियन बैरे सिंड्रोम लाइलाज विकार है।

# लालू यादव के खिलाफ केस चलाने की अनुमति सीबीआई को केंद्र से क्यों लेनी पड़ी

नईदिल्ली, 21 सितम्बर [एजेंसी]।



जमीन के बदले रेलवे में नौकरी घोटाले में सीबीआई ने राउज एवेन्यू स्थित विशेष न्यायाधीश की अदालत को बताया कि भ्रष्टाचार के मामले में पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव के खिलाफ मुकदमा चलाने की अपेक्षित मंजूरी प्राप्त कर ली गई है। अनुमति पत्र दाखिल करते हुए जांच एजेंसी ने अदालत को बताया कि मामले में करीब 30 अन्य आरोपित भी हैं, जिनके लिए अभियोजन मंजूरी की प्रतीक्षा की जा रही है। इसके लिए 15 दिन का समय और दिया जाए। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने की अदालत ने सीबीआई को अन्य आरोपितों पर मुकदमा चलाने के लिए मंजूरी प्राप्त करने की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया। इसके साथ ही मामले की अगली सुनवाई 15 अक्टूबर को तय की गई। गौरतलब है कि अदालत ने अधिकारियों से पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव सहित 32 लोकसेवकों के खिलाफ अभियोजन की मंजूरी पर निर्णय लेने को कहा था। इसी वर्ष सात जून को सीबीआई ने लालू और 77 अन्य आरोपितों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था। आरोपितों में 38 उम्मीदवार भी हैं। चार अक्टूबर, 2023 को अदालत ने लालू प्रसाद, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव व अन्य को नए आरोपपत्र के संबंध में जमानत दे दी थी। दूसरे आरोपपत्र में 17 आरोपित शामिल हैं, जिनमें लालू प्रसाद, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव, पश्चिम मध्य रेलवे के तत्कालीन महाप्रबंधक, दो मुख्य कार्मिक अधिकारी व अन्य शामिल हैं। किसी भी सरकारी अधिकारी या संसद के सदस्यों को ऐसे ही गिरफ्तार नहीं कर सकते हैं। लालू यादव उस वक्त रेल मंत्री थे। इसलिए केंद्र सरकार की परमिशन पर ही किसी सांसद या मंत्री की गिरफ्तारी की जा सकती है। अगर कोई सरकारी पद पर रहते हुए सरकारी कार्य में गड़बड़ी करता है तो कानूनी कार्रवाई करने से पहले उसके संबंधित विभाग से परमिशन लेनी होती है। तभी उस संबंधित अधिकारी या सांसद के खिलाफ मुकदमा आगे चलाया जा सकता है। सीबीआई ने 18 मई, 2022 को तत्कालीन रेल मंत्री, उनकी पत्नी, दो बेटियों और अज्ञात लोक सेवकों और अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। आरोप है कि वर्ष 2004 से 2009 के दौरान रेल मंत्री रहते लालू प्रसाद ने विभिन्न रेलवे जोन में ग्रुप-डी पदों पर उम्मीदवारों की नियुक्ति के बदले में परिवार के सदस्यों के नाम पर भूमि हस्तांतरण के माध्यम से लाभ प्राप्त किया था।

पटना निवासी उम्मीदवार या उनके परिवार के सदस्यों ने अपनी जमीन मंत्री के परिवार के सदस्यों और उनके नियंत्रण वाली निजी कंपनी को बेच दी या उपहार में दे दी। ऐसी नियुक्तियों के लिए कोई विज्ञापन या सार्वजनिक नोटिस जारी नहीं किया गया था। नियुक्त किए गए पटना के लोग मुंबई, जबलपुर, कोलकाता, जयपुर और हाजीपुर सहित विभिन्न रेलवे जोन में ग्रुप-डी पदों पर रखे गए थे। आरोपितों ने सहयोगियों के माध्यम से उम्मीदवारों से आवेदन व दस्तावेज एकत्र किए और उन्हें पश्चिम मध्य रेलवे को भेज दिया। पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधकों ने उनकी नियुक्ति को मंजूरी दी। इसके लिए अप्रत्यक्ष तरीका अपनाया। उम्मीदवारों को शुरू में वैकल्पिक तौर पर रखा और बाद में नियमित कर दिया।

## संविधान के तीनों स्तंभ एक-दूसरे के प्रति दिखाएं सम्मान, BRS नेता के कविता की जमानत पर रेवंत रेड्डी के बयान के बाद बोला सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि संविधान के तीनों अंगों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे एक-दूसरे के कामकाज के प्रति परस्पर सम्मान दिखाएं, क्योंकि अनुचित टिप्पणियां अनावश्यक रूप से टकराव पैदा करती हैं। जस्टिस बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि निर्णयों की निष्पक्ष आलोचना का हमेशा स्वागत है, लेकिन किसी को सीमाओं का उल्लंघन नहीं करना चाहिए। न्यायालयों की तरफ से पारित आदेशों के बारे में टिप्पणी करते समय पर्याप्त सावधानी बरतनी चाहिए। शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी से जुड़े मामले पर की। रेड्डी ने दिल्ली आबकारी घोटाले से जुड़े मामले में भारत राष्ट्र समिति की नेता के कविता को शीर्ष अदालत द्वारा जमानत दिए जाने पर बयान दिया था। पीठ ने इस बात पर गौर किया कि रेड्डी ने अदालत के समक्ष माफी मांगी है और कहा कि वह इस मुद्दे पर आगे नहीं बढ़ाना चाहती।

## सुरक्षा अधिकारी को धमकाया आरोपी कबाड़ी भेजा गया जेल

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल के कोयला खान क्षेत्रों में सुरक्षा कर्मचारियों द्वारा चोरियों पर लगाम लगाने सख्ती बरतने से नाराज नगर के कबाड़ी नितेश सिंह द्वारा क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण के मोबाइल पर काल कर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में एफआईआर दर्ज करने के बजाय पुलिस ने आरोपित कबाड़ी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध बीएनएसएस की धारा 170 के तहत कार्रवाई की। कबाड़ी नितेश सिंह निवासी पउआ पारा बिश्रामपुर ने पूर्व में भी कबाड़ चोरी रोकने पर क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण को जान से मारने की धमकी दी थी। उसके बाद बीते सोमवार की शाम को फिर मोबाइल पर काल कर कबाड़ चोरी पर लगाम लगाने की कोशिश को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए नितेश सिंह ने क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी को मोबाइल पर कॉल कर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। किसके साथ ही उसने धमकी देते हुए कहा कि उनके क्वार्टर में हुई चोरी की वारदात को उसी ने अंजाम दिलाया था। घटना की शिकायत क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण ने विश्रामपुर थाना में की। जिस पर पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध अपराधिक प्रकरण दर्ज करने के बजाय उसे बीएनएसएस की धारा 170 के तहत गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की।

### मौसम बदलने का संकेत

**अंबिकापुर।** मानसून की वापसी 23 सितंबर से आरंभ होगी। हालांकि सरगुजा संभाग में मानसून की वापसी में अभी समय है और इस बीच आगामी एक दो दिनों में बादल छाने और हल्की वर्षा की संभावना बनी हुई है। जून से सितंबर के बीच मानसून सीजन में इस बार संभाग मुख्यालय अंबिकापुर में रिकार्ड तोड़ वर्षा हुई।

## केंद्रा में पत्नी की हत्या कर फरार आरोपी पति को दबोचा प्रतापपुर पुलिस ने




**सूरजपुर।** ग्राम करौटी चौकी चेन्द्रा निवासी बुधनाथ कंवर ने थाना प्रतापपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी लड़की बबीता का शादी ग्राम सिलफिली निवासी सहजू पैंकरा के साथ हुआ था, 16 सितम्बर 2024 को सुबह दामाद सहजू का छोटा भाई फोन कर बताया कि बबीता के साथ सहजू मारपीट किया है जिस कारण बबीता के सिर में चोट लगा है जिसे उपचार के लिए प्रतापपुर अस्पताल ले गए है। सूचना पाकर यह अस्पताल पहुंचा तो वहां लड़की बेहोश पड़ी थी जिसे रेफर करने पर अम्बिकापुर गए जहां से 18/09/24 को रायपुर एम्बुलेंश से ले जा रहे थे जो रास्ते में बिलासपुर में लड़की की मृत्यु हो गई। लड़की बबीता की मृत्यु दामाद सहजू के द्वारा मारपीट करने से हुई है। सूचना पर मर्ग कायम कायमी उपरान्त अपराध क्रमांक 254/24 धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

मामले की सूचना मिलते ही डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर एम.आर.आहिरे (भापुसे) ने आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी प्रतापपुर अरूण नेताम के मार्गदर्शन में थाना प्रतापपुर पुलिस के द्वारा दबिश देकर आरोपी सहजू पैंकरा पिता सोबरन पैंकरा उम्र 40 वर्ष ग्राम सिलफिली, थाना प्रतापपुर को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि पत्नी के चरित्र शंका को लेकर लकड़ी के फारी से मारपीट कर घटना को अंजाम देना बताया। आरोपी के निशानदेही पर धटना में प्रयुक्त लकड़ी का फारी जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रतापपुर लक्ष्मण सिंह धुर्वे, एएसआई हीरालाल साहू, प्रधान आरक्षक राहुल गुप्ता, विनोद परीडा, भूपेन्द्र पोर्ते, आरक्षक हरिशचंद दास व जयप्रकाश पन्ना सक्रिय रहे।


## नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में रिटायर रेंजर सहित पत्रकार गिरफ्तार

### एक आरोपी अभी भी फरार, पुलिस मामले में कर रही जांच



**चिरमिरी।** एमसीबी जिले के चिरमिरी शहर स्थित थाना प्रभारी पोड़ी वो पी दुबे ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में मनेंद्रगढ़ वन मंडल क्षेत्र में पदस्थ एवं लगभग छः माह पूर्व रिटायर हुए रेंजर हीरालाल सेन व उसका सहयोगी पत्रकार मुश्ताक कुरैशी निवासी वार्ड क्रमांक 03 पोड़ी कालरी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. वहीं मामले में एक आरोपी जो नाबालिग का रिश्तेदार बताया जा रहा है वह अभी फरार है। जानकारी के अनुसार 2019 में पीड़िता जब नाबालिग थी तो उसे वन विभाग में नोकरी का झांसा देकर नाबालिग को मनेन्द्रगढ़ बुलाया गया था. वहां से आरोपीगण नाबालिग को लेकर बैकुंठपुर में स्थापित चर्चित होटल गये जहां पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया गया था इस पुरे मामले की गंभीरता को देखते हुए पोड़ी पुलिस ने अभी तक मामले का खुलासा नहीं किया है जल्द ही पुरे घटना कर्म को बिंदु जांच कर खुलासे की बात कह रही है।

## सुभाषनगर में सूने घर से लाखों के जेवरात व नकद पार



**अंबिकापुर।** शहर में लगातार हो रही चोरी की वारदातों से निपटने पुलिस उपाय तलाश रही है और इधर चोर एक के बाद एक घटना को अंजाम दे रहे हैं। चोरी का नया मामला बुधवार रात गांधीनगर थाना क्षेत्र के सुभाषनगर में सामने आया है। यहां सूने मकान को चोरों ने निशाना बनाते हुए लगभग चार लाख के सोने के जेवरात एवं पचास हजार रुपये नकद पार कर दिया। घटना के समय मकान मालिक अपने स्वजन के अस्पताल में भर्ती होने के कारण नहीं थे। दूसरे दिन घर वापस लौटने पर चोरी की घटना के बारे में पता चला। चोरों ने कुंडा तोड़कर घर के भीतर प्रवेश किया और सभी कमरों को खंगाल डाला। गांधीनगर पुलिस घटना स्थल की जांच के बाद चोरों की तलाश में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार शहर के सुभाषनगर अटल आवास के पास मनोज कुशवाहा का निवास है। घर में उनका परिवार रहता है। बाकी दो भाई नौकरी में होने के कारण बाहर रहते हैं। कुछ दिन पूर्व मनोज कुशवाहा के बड़े भाई यहां पहुंचे थे। मंगलवार को वे सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। स्वजनों ने उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। बुधवार को उनका अस्पताल में आपरेशन हो रहा था। इस दौरान परिवार के सभी सदस्य घर में ताला लगाकर अस्पताल चले गए। इसी दौरान चोरों ने सूने घर में धावा बोल सभी कमरों की तलाशी ली। चोरों ने मनोज कुशवाहा के कमरे से चार लाख रुपये के जेवरात एवं लगभग पचास हजार रुपये नकद चुरा लिए। इधर स्वजन आपरेशन के बाद गुरूवार दोपहर बाद घर लौटे तो उन्हें चोरी के बारे में पता चला। पूरे कमरे की तलाशी के दौरान चोरों ने सामान फैला दिया था। जिस घर में चोरी हुई वहां सीसी कैमरा लगा है।

चोर सीसी कैमरा का फुटेज देखने के लिए लगाए गए टीवी मानीटर को साथ ले गए हैं। जबकि कैमरे का फुटेज सुरक्षित रखने वाले उपकरण डीबीआर को चोर नहीं ले गए हैं। अब पुलिस इसी डीबीआर के सहारे चोरों का पता लगाने में जुटी है। कैमरे में चोरी की वारदात कैमरे में कैद होने से चोरों का जल्द पता चलने की उम्मीद पुलिस ने जताई है।

शहर के भीतर चार दिनों में चोरी की लगातार तीसरी वारदात हुई है। इससे पहले चोरों ने मंगलवार की रात चौपाटी एवं बुधवार रात प्रतीक्षा बस स्टैंड के पास फोम दुकान एवं कोरियर कंपनी के कार्यालय में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। इस बीच चोरी की तीसरी वारदात गांधीनगर क्षेत्र में घटित हुई। सूने घर व दुकान में चोरी की बढ़ती वारदात से शहर की पुलिसिंग पर सवाल उठने लगे हैं। पुलिस अधिकारी भले ही शहर में गश्त को लेकर गंभीर नजर आते हैं लेकिन हकीकत में स्थिति कुछ और है।

### महिला की उपचार के दौरान मौत

**सूरजपुर।** सूरजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अगस्तपुर में एक महिला चावल का मांड़ पसाते वक्त जलकर जख्मी हो गई। सात दिन तक चले इलाज के बीच उसकी मौत हो गई।अगस्तपुर निवासी मानकुंवेर राजवाड़े पति स्व घूरसाय रजवार 49 वर्ष अपने बेटे बहू के साथ घर में रहती है, लेकिन वह अपना खाना खुद से बनाती थी। 13 सितंबर की शाम को वह चावल पकाकर उसका मांड़ पसा रही थी, इसी दौरान गरम मांड़ का पानी उसके शरीर में गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई थी। बहू सनमेत अपनी सास का चीख-पुकार सुनकर गई तो गरम मांड़ का पानी शरीर में गिरने के कारण वह छटपटा रही थी। इसकी जानकारी अपने पति को दी। मानकुंवेर को लेकर वे जिला अस्पताल सूरजपुर पहुंचे, यहां से 17 सितम्बर को रेफर करने पर उसे मेडिकल कालेज अस्पताल अंबिकापुर ले गए। तीन दिनों तक चले उपचार के बीच शुक्रवार को दोपहर उसकी मौत हो गई।

## मिलावटखोरी के मामले में शराब दुकान का कर्मी पकड़ाया



**सूरजपुर।** मिलावटी शराब बेचे जाने की शिकायत पर शासकीय अंग्रेजी शराब दुकान रामानुजनगर पहुंचे आबकारी उप निरीक्षक ने दुकान में कार्यरत एक प्लेसमेंट कर्मचारी को शराब में मिलावट करते रंगे हाथों पकड़ा और उसे कार्य से हटा दिया है। ऐसा ही मामला कुछ माह पूर्व शिवनन्दनपुर बिश्रामपुर स्थित शासकीय शराब दुकान के पीछे दुकान के गार्डों के निवास से पुलिस ने मिलावटी शराब और उपकरणों को बरामद कर दो गार्डों की गिरफ्तारी की थी। उसके बाद दोनों गार्डों को कार्य से निकाल दिया गया था।

बुधवार की देर शाम आबकारी विभाग के उप निरीक्षक प्रदीप वर्मा को शासकीय अंग्रेजी शराब दुकान रामानुजनगर स्थित शासकीय अंग्रेजी शराब दुकान में शराब में मिलावट करने की जानकारी मिली। इस पर उन्होंने तत्काल उक्त सरकारी शराब दुकान पहुंचकर दबिश दी। जांच में उन्होंने पाया कि दुकान में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारी योगेश साहू द्वारा गोल्डन गोवा शराब की दो बोतल में पानी की मिलावट की जा रही है। इस दौरान वहां ग्रामीण भी मौजूद रहे। प्लेसमेंट कर्मचारियों को शराब में मिलावट करते रंगे हाथों पकड़े जाने पर आबकारी उप निरीक्षक ने आबकारी अधिनियम की धारा 38 (क) 39 (ख) (म) के तहत प्रकरण कायम कर आरोपित प्लेसमेंट कर्मचारियों योगेश साहू को तत्काल कार्य से हटा दिया। इस आशय की पुष्टि आबकारी उप निरीक्षक प्रदीप वर्मा ने की है। लोगों का कहना है कि जिलेभर में संचालित सरकारी शराब दुकानों में मिलावटी शराब की बिक्री की जा रही है। शराब दुकानों में शराब बिक्री कार्य में लगे प्लेसमेंट कर्मचारियों पर शराब में मिलावट करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने सभी शराब दुकानों की उच्च स्तरीय आकस्मिक जांच कर कर कार्रवाई की मांग की है।

## तालाब में जल समाधि,दो शव बरामद



**अंबिकापुर।** नगर के सुभाषनगर क्षेत्र में तालाब में स्नान करने के दौरान एक किशोरी व एक वृद्ध की डूबने से मौत हो गई। दोनों मृतक रिश्ते में दादा व पोती थे। घटना की खबर मिलते ही इलाके में शोक छा गया। सूचना पर पुलिस मर्ग कायम कर शवों को पीएम के बाद स्वजनों को सौंप दिया।

जानकारी के अनुसार गांधीनगर थाना अंतर्गत सुभाषनगर के घोषपारा निवासी 62 वर्षीय विष्ण घोष शुक्रवार को अपने घर के श्वान की मौत के बाद उसे घर के पास जमीन में दफना दिए। इस दौरान उसकी पोती पायल घोष 13 वर्ष भी थी। इसके बाद दोनों घर के समीप बने तालाब में नहाने चले गए। इसी दौरान दोनों की डूबने से मौत हो गई। घटना के आधे घंटे बाद जब स्वजन दोनों की तलाश करते तालाब के पास पहुंचे तो वहां किनारे में कपड़ा पड़ा मिला। आशंकावश लोगों ने तालाब के भीतर उनकी तलाश की। इस दौरान दोनों तालाब के भीतर अचेत अवस्था में मिले। आनन फानन दोनों को बनारस रोड स्थित एक निजी अस्पताल लाया गया जहां डाक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर गांधीनगर पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को मेडिकल कालेज अस्पताल पीएम के लिए भेज दिया। घटना के संबंध में यह अनुमान लगाया जा रहा है कि तालाब में स्नान के दौरान किसी एक के डूबने के दौरान दूसरे ने उसे बचाने का प्रयास किया होगा और वह भी गहरे पानी में डूब गया।

### तीन क्विंटल मछली बीज लेकर भागे लोग

**अंबिकापुर।** कोंडागांव से मछली बीज लोड कर आ रही वाहन को उदयपुर नर्सरी के समीप पीछे से आ रही ट्रेलर ने जबरदस्त टक्कर मार दी जिससे मछली बीज लोड वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे साइड सोल्डर मिट्टी में जा घुसी। टक्कर से वाहन में रखे लगभग तीन क्विंटल मछली उछलकर गड्ढे में गिर गई। मछलियों के गड्ढे में गिरने की सूचना आसपास के ग्रामीणों को मिलने पर मछली बिनने की होड़ मच गई और देखते ही देखते लोगों ने लगभग तीन क्विंटल मछली बिनकर भाग गए।

## एसएएफ के दो दिवंगत जवानों के शव गांव भेजे गये

### भुताही कैंप की घटना, आरोपी को जेल दाखिल किया



**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के भूताही कैंप में गुरुवार की सुबह भोजन करने के दौरान जवानों में हुए विवाद के दौरान एक जवान के द्वारा इंसास राइफल से की गई फायरिंग में कैंप के दो जवानों की मौत हो के बाद दोनों का शव गुरुवार को उनके गृह ग्राम सतना और रीवा मध्य प्रदेश भेज दिया गया है। एक जवान के स्वजन भी बलरामपुर पहुंचे थे। परिवार के जवान सदस्य की मौत ने परिवार पर वज्रपात कर दिया है।

उधर मामले को लेकर छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के महानिरीक्षक आरिफ शेख राजधानी रायपुर से बलरामपुर जिले के भूताही कैंप पहुंचे और पूरे मामले की गहनता से जानकारी ली है। अंबिकापुर से फोरेंसिक विशेषज्ञों की एक टीम भी मौके पर पहुंची। बताया जा रहा है आरोपित जवान बैरक से इंसास राइफल लेकर पहुंचा और फायरिंग शुरू कर दी थी। राइफल में 13 गोलियां थीं जिसमें से सात गोलियां फायर हो गईं थीं, जिसमें दो की जान चली गई और दो घायल हुए। दूसरे दिन आरोपित को लेकर पुलिस मौके पर पहुंची थी। बताया जा रहा है उसे अपने साथियों पर गोली चलाने और हत्या करने का कोई अफसोस नहीं है। उसने बताया कि मुझे अक्सर चिढ़ाया करते थे, उनकी बातें चुभती थीं, इस कारण मैं क्षुब्ध रहता था। घटना के बाद वह बाजू के दूसरे बैरक में भी घुसकर कुछ और साथियों को मारना चाहता था किंतु वहां जा न सका, इसलिए अन्य साथी बच गए। आरोपित को बलरामपुर पुलिस ने हत्या ,हत्या का प्रयास व आर्म्स एक्ट के तहत न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। आरोपित जवान अजय सिदार ग्राम बाड़माल पोस्ट रेंगालपा, थाना रायगढ़ छत्तीसगढ़ के द्वारा की गई फायरिंग में मृत दोनों आरक्षकों का शव उनके गृह ग्राम भेज दिया गया है।

आरक्षक रूपेश प्रसाद पटेल पिता रामकृपाल पटेल ( 39) ग्राम पोस्ट पौड़ी, थाना तहसील जिला सतना मध्य प्रदेश व संदीप पांडेय पिता रामसेवक (39 )ग्राम घुरेहटा पोस्ट मऊगंज जिला रीवा मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं। आरोपित जवान की फायरिंग में दो जवान घायल हुए थे,उनकी हालत खतरे से बाहर है। इनमें राहुल सिंह बघेल पिता रामबहादुर(32) ग्राम महेसुआ, पोस्ट केभौरा, थाना हनुमानगंज तहसील लमुआ जिला सुल्तानपुर उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। दूसरे घायल अंबुज शुक्ला पिता राजरूप(44) ग्राम कंडेला, थाना बैकुंठपुर, जिला रीवा, मध्य प्रदेश के निवासी हैं। इन दोनों को गोली छूते हुए निकल गई थी।

## पांच हजार रिश्वत लेते पकड़ा गया भिठ्ठीकला का पटवारी



**अंबिकापुर।** भूमि स्वामी की मौत के बाद अगली पीढ़ी के सदस्यों के नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज करने के एवज में रिश्वत की मांग करने वाले अंबिकापुर तहसील क्षेत्र के ग्राम भिठ्ठीकला के पटवारी वीरेंद्र पांडेय को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। यह पटवारी इस परिवार को लंबे समय से परेशान कर रहा था और बगैर रिश्वत के काम न करने की बात कर रहा था। परेशान होने के बाद ग्रामीण कृषक परिवार ने इस पटवारी को एंटी करप्शन ब्यूरो से पकड़वाने का निर्णय लिया और पटवारी रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया। एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों ने बताया कि ग्राम भिठ्ठीकला निवासी डोमन राम राजवाड़े ने एसीबी के अंबिकापुर कार्यालय में शिकायत की थी कि उसके पिता के नाम ग्राम भिट्टीकला में पैतृक भूमि है। पिता की मृत्यु हो जाने से उक्त भूमि उसकी माता एवं चार अन्य भाइयों के नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज होना था। उसने पटवारी वीरेंद्र पांडेय से संपर्क किया किया तो उसने उक्त कार्य को करने हेतु पांच हजार की रिश्वत मांगी। डोमन राजवाड़े रिश्वत नहीं देना चाहता था बल्कि पटवारी से परेशान होकर उसे रिश्वत लेते पकड़वाना चाहता था। उसने इसकी शिकायत अंबिकापुर कार्यालय में की थी।शिकायत सत्यापन के पश्चात ब्यूरो की टीम ने शुक्रवार को पटवारी वीरेंद्र पांडेय को डोमन राजवाड़े से पांच हजार रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया।बता दें, ग्रामवासी इस घुसखोर पटवारी के भ्रष्टाचार से व्यथित थे।ग्रामीण एकजुट होकर एसीबी कार्यालय में शिकायत करने पहुंचे थे।पटवारी को एसीबी की टीम ने गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध धारा सात पीसी एक्ट 1988 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की है।

## पेंशन में करें बढ़ोत्तरी, फर्जी मजदूरों की हो जांच



**बिलासपुर।** भारतीय मजदूर संघ द्वारा देश भर के कर्मचारी भविष्य निधि संगठन कार्यालयों और जिला कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम धरना प्रदर्शन के साथ ज्ञापन सौंपा गया है। इसी क्रम में भारतीय मजदूर संघ जिला बिलासपुर द्वारा ई पी एफ ओ के बिलासपुर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में हल्ला बोल करते हुए धरना प्रदर्शन, नारेबाजी के साथ प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन पत्र सौंपा गया।

जिसमें न्यूनतम पेंशन एक हजार से बढ़ाकर पांच हजार करने, पेंशन को महंगाई भत्ता से लिंक करने और ऐसे पेंशन धारियों को आयुष्मान योजना का लाभ देने की मांग की है। वहीं स्थानीय समस्याओं को लेकर क्षेत्रीय ई पी एफ आयुक्त के लिए एक और ज्ञापन देकर मांग की गई है कि ई पी एफ खातों की जांच कर फर्जी मजदूरों की पहचान की जाए और ऐसे फर्जी खातों के द्वारा वास्तविक मजदूरों का हक छीनने वाले अधिकारियों और ठेकेदारों पर कड़ी कार्यवाही किया जाए। तथा शासकीय, निजी प्रतिष्ठानों में कार्यरत सभी श्रमिकों को ई पी एफ की सभी सुविधाऐं प्रदान किऐ जाऐं। साथ ही नगर निगम में कार्यरत स्वच्छता दीदियों को भी ई पी एफ की सुविधा प्रदान किया जाऐ। कार्यक्रम का नेतृत्व भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं इ पी एफ बोर्ड के सदस्य शंखध्वनि सिंह बनाफर ने किया, प्रमुख वक्ता के रूप में भारतीय मजदूर संघ के वरिष्ठ नेता और पूर्व अध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल (छ.ग.) एस एन तिवारी जी ने कहा कि इस महंगाई के जमाने में एक हजार रुपए की पेंशन बड़े शर्म की बात है और इसे देश के नीति निर्धारकों को गंभीरता से लेना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री संजय तिवारी ने किया और लगभग दो घंटे के प्रदर्शन के बाद प्रतिनिधि मण्डल के साथ क्षेत्रीय भविष्यनिधि आयुक्त सौरभ डोगरा को ज्ञापन सौंपा। सभा को स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश तिवारी एवं भारतीय मजदूर संघ छत्तीसगढ़ के सोशलमीडिया प्रभारी गिरजा शंकर आचार्य ने भी संबोधित किया, कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री श्रीमती उषा साहू, राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष रमेश द्विवेदी, और सोमावार, एस ई सी एल के सत्येंद्र कुमार,विशाल संग्राम नगर निगम से ओम ठाकुर, मेलाराम टंडन, पाठक, संजय राजपूत, बिजली से मोनू श्रीवास, निकेतन काल्विन सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बेरिकेट तोड़ आगे बढ़े, बलवाईयों को रोका पुलिस ने, वाटर कैनन और छोड़ा अश्रु गैस

-स्थानीय संवाददाता-

**कोरबा।** बलवा और दंगा के दौरान जब उत्पाती बेलगाम हो गए तो उन्हें रोकने के लिए सख्ती जरूरी होती है। आज पुलिस ने ऐसा ही सिनेरियो पिक्चराइज किया। परेड ग्राउंड रक्षित केंद्र में बलवा ड्रिल परेड का रिहर्सल कराया गया। जिसने पहली बार देखा, उसे लगा कि वाकई कुछ गड़बड़ हुआ है।

शुक्रवार को परेड सलामी पश्चात करीब 118 पुलिसकर्मी को बलवा ड्रिल अभ्यास कराया गया। इसमें अश्रु गैस, वज्र वाहन, केन पार्टी, लाठी पार्टी , आर्म्स पार्टी , बलवा पार्टी, वरुण (वाटर कैनन दस्ता), एंबुलेंस पार्टी सम्मिलित हुए। अभ्यास में पुलिस की एक पार्टी दंगाई और दूसरी पार्टी बलवा ड्रिल की किट पहनकर इन्हें रोक रही थी। जैसे ही दंगाई ने पथराव और उपद्रव शुरू किया तो पुलिसकर्मियों ने



पहले बैरीकेड से इन्हें रोका। जब अनियंत्रित हो गए तो अश्रु गैस के गोले छोड़े। फिर कैन, लाठी और राइफल पार्टी के माध्यम से ड्रिल पूर्ण किया गया। ड्रिल अभ्यास में सभी राजपत्रित अधिकारी एवं समस्त थाना/चौकी/पुसके के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे ड्रिल अभ्यास के माध्यम से पुलिस को बेहतर रूप से ऐसी परिस्थिति से निपटने के संबंध में बताया गया।

## दो लोगों से 21 लीटर अवैध शराब जब्त

**कोरबा।** जिले की दीपका पुलिस ने अवैध शराब पर कार्रवाई करते हुए केराकछार गांव में रहने वाले कमल मरावी से 15 लीटर शराब जब्त की है। वह एक स्थान पर शराब बना रहा था। पुष्टि के बाद पुलिस ने कार्रवाई की। आबकारी एक्ट के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया है। एक अन्य कार्रवाई में मानिकपुर पुलिस ने अवैध शराब से संबंधित एक मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी नवीन पटेल ने बताया कि कदमहाखार में यह कार्रवाई की गई जहां पर एक व्यक्ति के कब्जे से साढ़े 6 लीटर अवैध शराब मिली है। आरोपीय के खिलाफ आबकारी एक्ट का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के पास इस तरह की सूचना प्राप्त हुई है कि इस इलाके में व्यापक पैमाने पर इस काम को अंजाम दिया जा रहा है। सरकार के द्वारा जनजातीय समुदाय को 5 लीटर शराब अपने उपयोग के लिए बनाने की छूट मिली हुई है और लोग इस विकल्प का अनुचित फायदा उठाने में लगे हुए हैं। पता चला है कि इस गांव में बड़े पैमाने पर अवैध शराब बनाने और बेचने का कार्य चल रहा है। इसके कारण आसपास के इलाके का वातावरण प्रभावित हो रहा है।

## लंबित मामलों में कमी लाएं पीपीटी से

जिले में आपराधिक मामलों में रोकथाम के साथ कई और तरीके अपनाने के लिए पुलिस प्रयास कर रही है। एसपी ने इस सिलसिले में समीक्षा बैठक ली। इसमें प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि पीपीटी के माध्यम से थानों में पेंडिंग अपराध और शिकायत संबंधी प्रकरणों का निराकरण किया जाए। उन्होंने मर्ग और चालान की समीक्षा की और विवेचना का स्तर उन्नयन करने के निर्देश दिये। बैठक में यह भी कहा गया कि जिले में किसी भी प्रकार के अवैध कारोबार जैसे नशा, जुआ, सट्टा, कबाड़ बिल्कुल नहीं चलने चाहिए। जहां कहीं डीजे एवं ध्वनि प्रदूषण के मामले नजर में आएं, उन पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

## केंदई के बाद अब पसान पहुंचा हाथियों का दल, सेमरहा समेत चार गांव में रौंदी फसल

**कोरबा।** कटघोरा वनमंडल में सक्रिय हाथियों का दल केंदई रेंज के कोरबी सर्किल में काफी दिनों तक डेरा डालने के बाद अब पसान रेंज पहुंच गया है। हाथियों के दल को आज सुबह बनिया व सेमरहा के जंगल में विचरण करते हुए देखा गया। इसकी भनक लगते ही वन विभाग अलर्ट हो गया है और विभाग का स्टाफ मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी में जुट गया है।

हाथियों ने यहां पहुंचते ही भारी नुकसान पहुंचाया और गाड़ागोड़ा, बनिया, हरदेवा तथा सेमरहा में कई किसानों की धान की फसल को रौंद दिया। वन विभाग के सूत्रों के मुताबिक हाथियों का दल अभी क्षेत्र में ही विचरण कर रहा है। अत: रात में उसके द्वारा किए गए नुकसानी का तत्काल आंकलन नहीं हो पाया है। हाथियों के अन्यत्र जाने पर अमला मौके पर पहुंचेगा और हाथियों द्वारा किए गए नुकसानी का आंकलन करेगा। हाथियों के ताजा उत्पात में ग्रामीणों को हजारों रुपए के नुकसान का अंदाजा लगाया जा रहा है। ज्ञात रहे 48 हाथियों का दल कटघोरा वनमंडल के जंगलों में घूम रहा है और इसे अपना बसेरा बना लिया है।

हाथियों का दल कभी जटगा तो कभी एतमानगर व पसान रेंज के साथ ही केंदई पहुंच जाता है। हाथियों का यह दल विगत एक पखवाड़े से केंदई रेंज में कोरबी सर्किल के आसपास जमा हुआ था और खेतों में पहुंचकर लगातार उत्पात पहुंचा रहा था। इस दौरान सिटीपखना में भी मवेशियों को मौत के घाट उतार दिया था। इसके अलावा हाथियों ने बड़ी मात्रा में फसल भी रौंद दी थी जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश था। हाथियों के लगातार उत्पात से परेशान ग्रामीणों ने चोटिया चौक पर प्रदर्शन करने के साथ अपना विरोध भी जताया था।

# नियम तोड़ने पर पहियों को किया लॉक

**कोरबा।** एक बात तो साफ है कि पावर सिटी कोरबा मैं यातायात नियम को पालन करने के लिए वाहन चालकों को मानसिकता बनानी ही होगी। इसकी उपेक्षा करने का मतलब कार्रवाई को झेलना होगा। पिछली रात्रि ट्रैफिक पुलिस ने नियम तोड़ने पर कई चार पहिया वाहनों को लॉक कर दिया तो दुपहिया को लिफ्टर से उठा लिया। कार्रवाई को पूरे त्यौहार सीजन तक जारी रखने की बात की कही गई है।



वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर इस अभियान को ट्रैफिक पुलिस कोरबा शहर के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में चला रही है। इसके पीछे उद्देश्य यही है कि हर हाल में यातायात सुचारू रूप से चलता रहे। कहीं भी जाम जैसी स्थिति पैदा ना हो और लोग परेशान ना हो। ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर फील्ड में काम करने वाली टीम यहां पर उपलब्ध संसाधन के साथ इस कार्रवाई को लगातार अंजाम दे रही है। भले ही पितृपक्ष में खरीदारी में कुछ कमी आई है लेकिन इसके बावजूद सड़कों पर यातायात का जवाब कुछ ज्यादा ही है। बड़े व्यावसायिक परिसरों के आसपास भीड़ होने के कारण मुख्य मार्गों पर मनमानी तरीके से गाड़ियां खड़ी कर दी जा रही हैं, ऐसे में परेशानी होना स्वाभाविक है। पावर हाउस रोड में पाम मॉल के सामने रात्रि को पुलिस ने अभियान क्रियान्वित किया और बड़ी कार्रवाई की। यहां मुख्य मार्ग पर बेतरतीब तरीके से खड़े किए गए चार पहिया वाहनों पर लॉक कर दिया गया। जबकि कई दुपहिया को जब्त किया गया। बुधवारी और निहारिका क्षेत्र में भी इस प्रकार की कार्रवाई की गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जिन क्षेत्रों में यातायात से जुड़ी समस्याएं पेश आ रही है। वाहन पार्किंग के लिए विकल्प दिए जा रहे हैं और हर हाल में वाहन चालकों को इसके अंतर्गत ही अपनी गाड़ियां खड़ी करनी होगी।

## भाजपाईयों ने स्वच्छता अभियान चलाया

**कोरबा।** भाजपा नगर मंडल कोरबा के द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। कल नगर मंडल कोरबा स्थित राताखार के मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता जोगेश लांबा, परविंद्र सिंह, योगेश मिश्रा, युगल कैवर्त, राम शंकर साहू सहित अनेको कार्यकर्ता मौजूद थे। इसी तरह रजगामार स्थित एक शक्ति केंद्र में कुदमुरा मंडल प्रभारी युवा मोर्चा के दिनेश तिवारी के मार्गदर्शन में मण्डल अध्यक्ष धनंजय चौहान सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने सदस्यता अभियान चलाया। कुदमुरा मंडल के पांच बुथों में सदस्य बनाया जा रहा है।

## क्षमा वाणी पर्व का समापन कल, होगा मंत्री का अभिनंदन

**कोरबा।** पर्यूषण पर्व की समापन बेला पर समस्त जैन समाज कोरबा द्वारा रविवार को क्षमावाणी पर्व का आयोजन दिगंबर जैन मंदिर, बुधवारी बाजार कोरबा के विद्यासागर भवन में किया गया है। प्रात: काल 7 बजे नित्य नियम अभिषेक, पूजन होगा। 9 बजे भगवान महावीर स्वामी की भव्य शोभायात्रा दिगंबर जैन मंदिर से सुभाष चौक, निहारिका होते हुए, घंटाघर से जैन मंदिर तक निकाली जाएगी। प्रात: 11 बजे से भगवान महावीर स्वामी का 1008 कलश से कलशाभिषेक एवं पूजन होगा। फिर केबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन का अभिनंदन एवं क्षमावाणी का कार्यक्रम किया जाएगा। दोपहर दो बजे सामूहिक भोज एवं 3 बजे पुरस्कार एव सम्मान समारोह होगा। जैन मिलन समिति के सचिव नेमीचंद जैन ने समाज के सभी सदस्यों को समारोह में शामिल होने कहा है।

## सीजीएम कार्यालयों के सामने होगा प्रदर्शन

**कोरबा।** भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन के द्वारा इकाईयों में गेट मीटिंग किए जाने के बाद अब सभी सीजीएम कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन करने की तैयारी की जा रही है। गेवरा में 26 सितंबर को धरना प्रदर्शन होगा। इस संबंध में एक बैठक मदन सिंह, प्रीतम राठौर, वीरेंद्र राठौर, कुलदीप कुमार व बाबू सिंह के द्वारा ली गई। इनके द्वारा इकाईयों में किए गए कार्यों की समीक्षा भी की गई। कोरबा एरिया में भी धरना प्रदर्शन करने की तैयारी की जा रही है। यहां पर आईआर एसईसीएल प्रभारी अशोक सूर्यवंशी के नेतृत्व में प्रदर्शन होगा। इसके लिए जेपी कॉलोनी स्थित कार्यालय में बैठक की गई।

## कबरबिज्जुओं को पकड़ने कनकी में रेस्क्यू अभियान

**कोरबा।** कनकीधाम में मेहमान पक्षियों के लिए खतरा बने कबरबिज्जुओं को पकड़ने के लिए वन विभाग ने एक बार फिर रेस्क्यू अभियान शुरू किया है। आज सुबह वन विभाग की टीम यहां पहुंची और क्षेत्र में मौजूद कबरबिज्जुओं को पकड़ने के लिए जाल बिछाने के साथ ही कार्यवाही शुरू की। वन विभाग की टीम को देख कबरबिज्जू पेड़ो के बने खोह में घुस गए। बताया जाता है कि कबरबिज्जू अभी भी मेहमान पक्षियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। हालांकि इसकी संख्या पहले की तुलना में काफी कम है फिर भी मेहमान पक्षियों के सुरक्षा को लेकर वन विभाग अलर्ट हुआ और इसे पकड़ने तथा अन्य स्थान पर ले जाकर छोड़ने का मन बनाया है। खबर है कि बिज्जू दिन भर खोह में छिप जाता है और रात होने पर वहां से बाहर निकलने के साथ मेहमान पक्षियों के घोंसले में पहुंचकर वहां मौजूद पक्षियों के छोटे-छोटे बच्चों को या तो काटकर मार देता है या नीचे गिरा देता है। गत दिनों बड़ी संख्या में मेहमान पक्षियों के चूजों के मृत दशा में पेड़ों के नीचे मिलने पर वन विभाग में हड़कंप मच गया था। पहले बीमारी की वजह से मौत होना माना जा रहा था किंतु जांच में पता चला कि यह करस्तानी कबरबिज्जुओं की है। विभाग ने उसे पकड़ने की कोशिश की थी।

## कवर्धा घटना : कराया नगर बंद



**कोरबा।** कवर्धा घटनाक्रम को लेकर कांग्रेस ने प्रदेश बंद का आह्वान किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दीपका में कांग्रेसियों ने व्यापारियों से बंद करने का आग्रह किया। और भाजपा सरकार में पुलिस की गुंडागर्दी के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिलीप सिंह,प्रदेश सचिव तनवीर अहमद, गया प्रसाद चंद्रा,केदारनाथ, सूरज दास मानिकपुरी, विशाल शुक्ला,बालेंद्र सिंह, तारकेश्वर मिश्रा, अफजल, संजू बाबा राजपूत, हर्षित देवी राजपूत, श्रीदेवी नायर, निशा बंजारे, नील कुसुम केस, अंजना जायसवाल, ज्योति तिवारी सुमित अनेक कार्यकर्ता बड़ी संख्या उपस्थित होकर दुकानों को बंद करते रहे और भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते रहे।

## प्रीति स्वर्णकार बनीं प्रदेश अध्यक्ष

**कोरबा।** स्वर्णकार समाज महिला विंग वेलफेयर एसोसिएशन की प्रदेश अध्यक्ष प्रीति स्वर्णकार को बनाया गया है। पिछले दिनों हुई स्वर्णकार समाज की बैठक में यह निर्णय लिया गया। प्रीति स्वर्णकार युवा मोर्चा रामपुर विधानसभा क्षेत्र में प्रभारी भी हैं। इनके कार्यों को देखते हुए स्वर्णकार समाज में जिम्मेदारी दी गई है।

# पोषण क्यों जरूरी, पालकों को किया जा रहा जागरूक



**कोरबा।** राष्ट्रीय पोषण माह-2024 के अंतर्गत जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में विविध कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी क्रम में कोरबा शहरी परियोजना के अंतर्गत आने वाले आंगनवाड़ी केंद्रों में भी हितग्राहियों को विविध माध्यमों से जागरूक कर लाभान्वित किया जा रहा है। अभियान से पुरूषों को भी जोड़ा जा रहा है। उन्हें भी बच्चों और माताओं के लिए पौष्टिक आहार के बारे में बताते हुए वजन तिहार का महत्व भी बताया जा रहा है।

अभियान को रोचक और लाभकारी बनाने के लिए स्वस्थ बालक-बालिका स्पर्धा, व्यंजन प्रतियोगिता, सास-बहू सम्मेलन, फैंसी ड्रेस, निबंध प्रतियोगिता मेंहदी चित्रकला, विविध खेलकूद गतिविधियां भी आंगनवाड़ी केंद्रों में कराई जा रही है। जिला कार्यक्रम अधिकारी रेणु प्रकाश स्वयं केंद्रों में पहुंचकर अवलोकन के साथ निर्देशित कर रही हैं। सुपरवाइजरों के द्वारा भी लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है।

# कैंसर उपचार को उत्कृष्ट बनाने बालको मेडिकल सेंटर में वैश्विक कॉन्वलेव

**कोरबा।** भारत के अग्रणी कैंसर देखभाल सुविधाओं में से एक बालको मेडिकल सेंटर (बीएमसी) में वार्षिक छत्तीसगढ़ कैंसर कॉन्क्लेव आयोजन किया जा रहा है जिसमें देश भर के कैंसर विशेषज्ञों के लिए एक लाइव सर्जिकल प्रदर्शन किया गया। मुंबई के टाटा मेमोरियल अस्पताल के प्रमुख कैंसर विशेषज्ञों के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में जटिल कैंसर सर्जरी के लिए कैंसर की उन्नत तकनीक ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर) के उपयोग पर प्रकाश डाला गया। कॉन्क्लेव में 120 से अधिक व्यक्तियों ने भाग लिया जिससे अत्याधुनिक ऑन्कोलॉजी क्षेत्र में विचार साझा करने के लिए एक मंच तैयार हुआ।



सम्मेलन में विशेषज्ञों ने माइक्रोसॉफ्ट होलोलेंस 2 ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर) हेडसेट का उपयोग करके पैनक्रिएटिक एंड गैस्ट्रिक कैंसर के उन्नत तकनीक का प्रयोग करते हुए लाइव सर्जरी किया। यह तकनीक पारंपरिक 2डी इमेजिंग जैसे कि सीटी और एमआरआई स्कैन को इंटरेक्टिव 3डी होलोग्राम में परिवर्तित करती है जो कैंसर सर्जरी में 3डी ऑपरेटिव प्लानिंग प्रदान करती है। यह ट्यूमर और आसपास की शारीरिक रचना के बारे में सर्जन की समझ को भी बढ़ाता है जिससे उन्हें ट्यूमर की विशेषताओं और वैस्कुलर वेरिएशन का बेहतर मूल्यांकन करने में मदद मिलती है। विशेषज्ञों ने प्रीऑपरेटिव प्लानिंग और सर्जिकल सटीकता को बेहतर बनाने में इसके महत्व पर जोर दिया जो कैंसर की देखभाल में एक आवश्यक भूमिका निभाते हैं।

इस नवाचार से पैनक्रिएटिक कैंसर के जटिल सर्जरी करने के तरीके में तकनीकी बदलाव पर बोलते हुए टाटा मेमोरियल अस्पताल, मुंबई के उप निदेशक और कैंसर सर्जरी प्रमुख डॉ. शैलेश वी. श्रीखंडे ने कहा कि पैन्क्रियाटोड्यूओडेनेक्टॉमी (व्हिपल प्रक्रिया) का ऑपरेशन सबसे जटिल माना जाता है। उन्होंने आगे कहा कि जटिल शारीरिक संरचना को देखते हुए पैनक्रिएटिक की सर्जरी चुनौतीपूर्ण होती है। जटिलताओं को कम करने और रोगी के उपचार बेहतरी प्रदान करना होलोलेंस की तकनीक को महत्वपूर्ण बनाती है। 3डी होलोग्राफिक इमेजिंग के उपयोग से हम युवा पैनक्रिएटिक विशेषज्ञ को सिखा सकते हैं कि उन्हें चुनौतिपूर्ण परिस्थितियों से निपटने के लिए बेहतर ढंग से तैयार कर सकते हैं। यह तकनीक रोगियों के उपचार महत्वपूर्ण है जिससे उन्हें लंबी दूरी की यात्रा करने की आवश्यकता कम हो जाएगी।

टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई के गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल एवं हेपाटो-पैनक्रिएटो-बिलियरी सर्जन एवं प्रोफेसर मनीष भंडारे ने गैस्ट्रिक कैंसर मरीज का ऑपरेशन किया और लाइव सर्जरीके महत्व पर प्रकाश डाला। ये सत्र देश भर के विशेषज्ञों के लिए कैंसर प्रबंधन में अत्याधुनिक तकनीकी उपयोग के लिए एक मंच तैयार करता हैं। वास्तविक समय की जानकारी साझा करने से रोगियों को उन्नत देखभाल प्रदान करने की हमारी सामूहिक क्षमता में सुधार होता है। बालको मेडिकल सेंटर में कंसल्टेंट सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. श्रवण नादकर्णी ने भारत में सर्जिकल परिणामों को बदलने में ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर) की क्षमता पर जोर दिया। यह मध्य भारत में ऑन्कोलॉजिकल सर्जरी में होलोलेंस 2 के इस्तेमाल के पहले उदाहरणों में से एक है। यह हमें असाधारण सटीकता के साथ ट्यूमर मार्जिन और संवहनी संरचनाओं का मूल्यांकन करना आसान करता है जिससे सुरक्षित सर्जरी और बेहतर रोगी परिणाम मिलते हैं।

बालको मेडिकल सेंटर के सर्जिकल और क्लिनिकल ऑन्कोलॉजी के निदेशक डॉ. मौ रॉय ने कहा कि इस तकनीक का पश्चिम में बड़े पैमाने पर उपयोग किया गया है और अब यह भारत में भी अपनी छाप छोड़ने लगी है। सर्जिकल तकनीकों के साथ ऑगमेंटेड रियलिटी को एकीकृत करके सर्जन जटिलताओं को कम कर सकते हैं और सर्जिकल सटीकता को बढ़ा सकते हैं जिससे छत्तीसगढ़ जैसे क्षेत्रों में रोगियों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित हो सकेगी।बालको मेडिकल सेंटर की चिकित्सा निदेशक डॉ. भावना सिरोही ने सम्मेलन के सफल शुभारंभ के अवसर पर कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के सर्जन और ऑन्कोलॉजिस्ट के ऐसे समूह का बीएमसी में आना इस क्षेत्र में कैंसर देखभाल में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हम लोगों के लिए किफायती, उच्च गुणवत्ता वाले उपचार विकल्प प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और यह आयोजन उस यात्रा में एक मील का पत्थर है।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com